वर्ष-10, अंक-42 पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज बुधवार, 17 अप्रैल, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक


Adhunik Samachar




## संक्षिप्त समाचार

### केरल सरकार ने करोड़ों की धोखाधड़ी की जांच सीबीआई को सौंपी, अधिकारियों ने योजना की पारदर्शिता पर उठाए सवाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**तिरुअनंतपुरम।** केरल सरकार ने त्रिशूर स्थित एक निजी वित्तीय फर्म से जुड़ी सैकड़ों करोड़ रुपये की कथित वित्तीय धोखाधड़ी की जांच सीबीआई को सौंप दी है। पुलिस को हाई रिच ऑनलाइन शापी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा



संचालित कथित मनी सर्कुलेशन योजना से संबंधित सभी मामले सीबीआई को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। केरल सरकार ने त्रिशूर स्थित एक निजी वित्तीय फर्म से जुड़ी सैकड़ों करोड़ रुपये की कथित वित्तीय धोखाधड़ी की जांच सीबीआई को सौंप दी है। पुलिस को हाई रिच ऑनलाइन शापी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित कथित मनी सर्कुलेशन योजना से संबंधित सभी मामले सीबीआई को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार योजना पूरे भारत में संचालित होती है और इसके 1.5 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। सूत्रों का कहना है कि दूसरे राज्यों के लोगों की संलिप्तता के कारण सीबीआई जांच की सिफारिश करने का निणय्र लिया गया। उच्च रिटर्न का वादा करने वाले व्यक्तियों से कथित तौर पर 700 रुपये और उससे अधिक का प्रारंभिक भुगतान एकत्र करने वाली कंपनी ने करीब 750 करोड़ रुपये जुटाए हैं। पुलिस के अनुसार, योजना पूरे भारत में संचालित होती है और इसके 1.5 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। अधिकारियों ने कहा कि योजना की वैधता और पारदर्शिता के बारे में चिंताएं व्यक्त की गईं, जिसके बाद पुलिस और अन्य केंद्रीय एजेंसियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। सरकार ने कहा कि इस केस को सीबीआई को सौंपने का निणय्र मामले की जटिलता के कारण लिया गया है।

## 2047 के लिए 24 घंटे काम करने का मोदी का दावा सिर्फ स्लोगन नहीं', वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सरकार की गिनाई उपलब्धियां

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि केंद्र खोले जाने और अनेक परियोजनाएं स्थापित किए जाने का उल्लेख किया। वित्त मंत्री निर्मला



प्रधानमंत्री का यह दावा महज स्लोगन नहीं है कि वह 2047 के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे काम करते हैं, बल्कि इससे पता चलता है कि दरअसल वह जो कहते हैं, उसे करके दिखाते हैं। एक पुस्तक के विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए सीतारमण ने जनधन खाते खुलने, देशभर में जन औषधि सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री का यह दावा महज स्लोगन नहीं है कि वह 2047 के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे काम करते हैं बल्कि इससे पता चलता है कि दरअसल वह जो कहते हैं उसे करके दिखाते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में सत्ता में आने के बाद स्पष्ट रूप से तीन सूत्रीय एजेंडा सामने रखा था। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में सत्ता में आने के बाद स्पष्ट रूप से तीन सूत्रीय एजेंडा सामने रखा था। पहला लंबित परियोजनाओं को पूरा करना, दूसरा सभी पहलों को अंतिम रूप देना और तीसरा आकांक्षी जिलों को अनेक विकास परियोजनाओं को लागू करने में सहयोग देना। सीतारमण ने कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन के संदर्भ में सरकार का प्रदर्शन केवल इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व्यक्तिगत रुचि से हर परियोजना को क्रियान्वित करते और कराते हैं। उन्होंने कहा कि वह सुनिश्चित करते है कि अधिकारी इस पर काम करें। वह ऐसे ही नहीं जाने देते। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जब स्वच्छ भारत मिशन और गरीबों के लिए जीरो बैलेंस पर खाते खोलने के लिए जनधन योजना शुरू की थी तब भी उनकी आलोचना हुई थी लेकिन परिणाम सबके सामने है।

## इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर डेरेक अंडरवुड का 78 साल की उम्र में निधन, खेल जगत को लगा बड़ा झटका

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वितीय विश्व युद्ध के बाद इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर डेरेक अंडरवुड का सोमवार को 78 वर्ष



की आयु में निधन हो गया। भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर को अपनी गेंदबाजी से परेशान करने वाले अंडरवुड को 60 और 70 के दशक की पिचों पर खेलना खतरनाक था। गेंदों में बेहद सटीकता से अपने समकालीन गेंदबाजों में काफी लोकप्रिय अंडरवुड ने 86 टेस्ट में 297 विकेट झटके, जो इंग्लैंड के किसी भी स्पिनर के सर्वाधिक विकेट हैं। वितीय विश्व युद्ध के बाद इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर डेरेक अंडरवुड का सोमवार को 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर को अपनी गेंदबाजी से परेशान करने वाले अंडरवुड को 60 और 70 के दशक की पिचों पर खेलना खतरनाक था। गेंदों में बेहद सटीकता से अपने समकालीन गेंदबाजों में काफी लोकप्रिय अंडरवुड ने 86 टेस्ट में 297 विकेट झटके। अंडरवुड ने 24 वर्ष के अपने प्रथम श्रेणी करियर में 2465 विकेट झटके थे। उन्होंने 1977 में भारत के विरुद्ध पांच मैच की सीरीज में 29 विकेट प्राप्त किए, जिससे इंग्लैंड ने यह सीरीज 3-1 से अपने नाम की थी। यह इंग्लैंड की 1933-34 दौरे के बाद पहली जीत थी। अंडरवुड ने गावस्कर को टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 12 बार आउट किया।

## केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और बोम्मई ने दाखिल किया नामांकन, घोषित की 21 करोड़ रुपये की संपत्ति

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बेंगलुरु।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और अभिनेता शिवराजकुमार की पतनी गीता शिवराजकुमार उन प्रमुख नेताओं में शामिल रहे, जिन्होंने कर्नाटक में सात मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बोम्मई ने हावेरी से भाजपा उम्मीदवार के रूप में अपना पर्चा दाखिल किया। कांग्रेस से बोम्मई के प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार आनंदस्वामी गद्दादेवरमाथ ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कांग्रेस से बोम्मई के प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार आनंदस्वामी गद्दादेवरमाथ ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जोशी




में सात मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बोम्मई ने हावेरी से भाजपा उम्मीदवार के रूप में अपना पर्चा दाखिल किया। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और अभिनेता शिवराजकुमार की पतनी गीता शिवराजकुमार उन प्रमुख नेताओं में शामिल रहे जिन्होंने कर्नाटक केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री हैं। वह धारवाड़ से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे हैं। उनके साथ नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा और पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार भी थे। नामांकन दाखिल करने से पहले जोशी ने नेताओं के साथ एक रोड शो किया।

## प्रणब, चिदंबरम के वित्त मंत्री रहते समय आरबीआई पर रहता था दबाव, पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने किया दावा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आरबीआई के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने अपने संस्मरण में कहा है कि प्रणब मुखर्जी और पी चिदंबरम के वित्त मंत्री रहते समय वित्त मंत्रालय



आरबीआई पर ब्याज दरें नरम रखने और आर्थिक वृद्धि की खुशनुमा तस्वीर पेश करने के लिए दबाव डालता था। सुब्बाराव ने हाल में प्रकाशित अपनी किताब 'जस्ट ए मर्सिनरी?: नोट्स फ्रॉम माय लाइफ एंड करियर' में लिखा है कि सरकार और आरबीआई दोनों में रहने के बाद मैं कह सकता हूं कि केंद्रीय बैंक की स्वायत्तता के महत्व पर सरकार के भीतर कम समझ और संवेदनशीलता है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने अपने संस्मरण में कहा है कि प्रणब मुखर्जी और पी चिदंबरम के वित्त मंत्री रहते समय वित्त मंत्रालय आरबीआई पर ब्याज दरें नरम रखने और आर्थिक वृद्धि की खुशनुमा तस्वीर पेश करने के लिए दबाव डालता था। सितंबर 2008 में लेहमैन ब्रदर्स संकट शुरू होने के पहले आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभालने से पहले सुब्बाराव वित्त सचिव थे। सितंबर, 2008 में लेहमैन ब्रदर्स संकट शुरू होने के पहले आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभालने से पहले सुब्बाराव वित्त सचिव थे। लेहमैन ब्रदर्स के दिवालिया हो जाने से दुनियाभर में गहरा वित्तीय संकट पैदा हो गया था। 'सरकार का जय-जयकार करने वाला रिजर्व बैंक?' शीर्षक वाले चैप्टर में सुब्बाराव ने याद दिलाया कि सरकार का दबाव रिजर्व बैंक के ब्याज दर रुख तक ही सीमित नहीं था बल्कि उस समय सरकार ने आरबीआई पर ऑब्जेक्टिव असेसमेंट से इतर वृद्धि और मुद्रास्फीति के बारे में बेहतर अनुमान पेश करने के लिए भी दबाव डाला था।

## कक्षा 10वीं-12वी में फेल होने वाले छात्रों की अब नहीं रुकेगी पढ़ाई, फिर से मिलेगा दाखिला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दसवीं और बारहवीं में फेल होने वाले छात्रों से स्कूल अब किनारा नहीं कर सकेंगे। न ही उन्हें



नियमित छात्र के रूप में दाखिला देने से मना कर पाएंगे। शिक्षा मंत्रालय ने दसवीं और बारहवीं में फेल होने वाले छात्रों की पढ़ाई जारी रखने के लिए पहल तेज की है। इसके तहत स्कूल उन्हें नियमित छात्र के रूप में दाखिला देंगे और उनके लिए नियमित कक्षाएं भी आयोजित कराऐंगे। वहीं उन्हें दिए जाने वाले प्रमाण पत्रों में भी कहीं भी उनके फेल होने या फिर एक्स छात्र जैसा कोई जिक्र भी नहीं रहेगा। मंत्रालय की कोशिश है कि स्कूलों में दाखिला लेने के बाद छात्र जब तक बारहवीं पास नहीं हो जाएगा तब तक उस पर नजर रखी जाएगी। इसके साथ ही जो छात्र फेल होने के बाद नियमित छात्र के रूप से पढ़ाई नहीं करना चाहते है उनके लिए ओपन स्कूल जैसे विकल्प भी मुहैया कराने की सुझाव दिया जाएगा।शिक्षा मंत्रालय ने यह पहल उस समय तेज की है, जब देश में हर साल औसतन 46 लाख छात्र दसवीं और बारहवीं में फेल हो जाते है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में दसवीं में 27.47 लाख और बारहवीं में 18.63 लाख छात्र फेल हुए थे। इनमें से अधिकांश राज्यों में छात्रों को नियमित छात्र के रूप में दाखिला नहीं दिया गया। ऐसे में फेल होने वाले करीब 55 फीसद छात्रों ने दोबारा कहीं भी दाखिला नहीं लिया। माना जा रहा है कि इन छात्रों ने पढ़ाई छोड़ दी और दूसरे काम धंधों में लग गए। मंत्रालय का मानना है कि यदि फेल होने वाले इन छात्रों पर ध्यान दिया जाए, तो इनमें से अधिकांश पढ़ाई जारी रख सकते है और अपने भविष्य को नए सिरे संवार सकते है।

## आने वाले चुनाव में आपके सामने दो विकल्प', असम में रैली कर अमित शाह ने कांग्रेस पर बोला हमला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**असम।** अमित शाह ने असम के उत्तरी लखीमपुर में सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। अमित



शाह ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने इस मौके पर कहा कि आने वाले चुनाव में आपके सामने दो विकल्प हैं। अमित शाह मंगलवार को असम दौरे पर रोड शो किया और एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। अमित शाह ने उत्तरी लखीमपुर में एक सार्वजनिक सभा को भी संबोधित किया। इस मौके पर शाह ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। अमित शाह ने इस मौके पर कहा कि19 जून को आप सभी को यह तय करना होगा कि आप किसे संसद सदस्य के रूप में चाहते हैं शाह ने दो विकल्प देते हुए कहा कि एक विकल्प राहुल बाबा के नेतृत्व में घ्ज्ञ्घ् अलायंस हैं और दूसरी और नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा है। आपको ये तय करने के लिए वोटिंग करनी है कि आने वाले 5 साल के लिए पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और 400 पार के लक्ष्य के साथ फिर एक बार भाजपा की सरकार बनेगी। अमित शाह ने इस मौके पर कहा, ठ19 जून को आप सभी को यह तय करना होगा कि आप किसे संसद सदस्य के रूप में चाहते हैं, किस पार्टी को सत्तारूढ़ सरकार बनानी चाहिए और आपका प्रधानमंत्री कौन होगा।अमित शाह ने कहा, ठअसम में पीएम मोदी के 10 साल विकास के 10 साल रहे हैं। असम में पिछले 10 वर्षों में अनेक शांति समझौते हुए, विकास का काम हुआ। आने वाले दिनों में असम देश के बाकी राज्यों की तरह एक विकसित राज्य बनेगा, इसका मुझे पूरा भरोसा है। 2004 से 2014 तक 10 साल तक देश में ळईंं और कांग्रेस की सरकार थी। उस सरकार ने 10 वर्षों में सिर्फ 1 लाख 62 हजार करोड़ रुपये असम के विकास के लिए दिए थे। जबकि दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 4 लाख 15 हजार करोड़ रुपये असम को देने का काम किया है।

## जिलाधिकारी ने तहसील मड़िहान का किया औचक निरीक्षण, ई-परवाना न जारी होने पर व्यक्त की नाराजगी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर ।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज दोपहर लगभग एक बजे तहसील मड़िहान पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर में साफ सफाई, भवन की रंगाई पुताई का कार्य कराया जा रहा था, जिलाधिकारी ने परिसर में बने साइकिल स्टैण्ड, शौचालय, पुराने हवालात, खाद्य एवं रसद भवन सहित निर्माणाधीन नए हवालात का निरीक्षण किया। परिसर में पेयजल के बारे में जानकारी करने पर उप जिलाधिकारी मड़िहान युगांतर त्रिपाठी ने बताया कि परिसर में जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन किया गया है इसके अतिरिक्त टैंकर के माध्यम से भी पानी की आपूर्ति की जा रही है। उन्होने कहा कि बताया कि परिसर में मौसम की जानकारी प्राप्त करने के लिये भी यंत्र लगवाया गया हैं। उन्होने बताया कि पूरे परिसर की सफाई के साथ ही रंगाई पुताई का



कार्य वर्तमान में चल रहा है। परिसर में में नए निर्माणाधीन हवालात को अपूर्ण देखकर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग को तत्काल पूर्ण कराने का निर्देश दिया। अभिलेखो के निरीक्षण के दौरान ई-परवाना जारी न होने की जानकारी पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये दूरभाष पर मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह से वार्ता निर्देशित किया कि ई-परवाना जारी होने के लिये जो भी व्यवस्थाए करनी हो स्वंय जांचकर तत्काल सुनिश्चित कराते हुये ई-परवाना जारी करने व्यवस्था कराए। निरीक्षण के दौरान संग्रह अभिलेख, सभाकक्ष, मतदान पंजीकरण, आपदा सहायता रजिस्टर एवं मुख्यमंत्री कृषक दुघर्टना रजिस्टर में पात्र आवेदनों के सापेक्ष भुगतान की स्थिति, दैवी आपदा में प्राप्त आवेदन के सापेक्ष भुगतान की स्थिति आदि के बारे में रजिस्टरों और पत्रावलियों को देखकर निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री कृषक दुघर्टना बीमा रजिस्टर में सितम्बर से अब प्रार्थना पत्रो को लम्बित होने पर तथा रजिस्टर पर विस्तृत जानकारी अपलोड न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये रजिस्टर को बिन्दुवार भरने तथा जिस प्रार्थना पत्र के सापेक्ष भुगतान किया गया हो उस भुगतान किया जाना भी लिखा जाए। निरीक्षण के दौरान संग्रह अनुभाग सेवा पुस्तिका, जी0पी0एफ0, एन0पी0एस0 पासबुक, उप जिलाधिकारी न्यायिक कोर्ट, खतौनी काउंटर, आदि का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।

## हम राम के पुजारी हैं, वो राम के व्यापारी हैं जयराम रमेश ने भाजपा पर कीया हमला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले सियासी बाजार गर्म है। भाजपा और कांग्रेस के बीच जमकर बयानबाजी जारी है। राम मंदिर को लेकर भी सियासत देखने को मिल रही है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को भाजपा पर जमकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच जमकर विवाद जारी है। 22 जनवरी को अयोध्या में हुए भव्य समारोह में कांग्रेस ने शामिल होने से मना कर दिया था। वहीं अब इसे लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा राम की व्यापारी और कांग्रेस भगवान के पुजारी हैं।जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस सदस्य भगवान राम के उपासक हैं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को इस साल



जनवरी में अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को सम्मानपूर्वक अस्वीकार करने के पार्टी के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि यह एक राजनीतिक व्यक्ति के लिए राजनीतिक कार्यक्रम था। एएनआई के साथ एक इंटरव्यू में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भाजपा पर धर्म का राजनीतिकरणठ करने का आरोप लगाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह धर्म और राजनीति को भी नीचे लाता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि वे ठराम के व्यापारी हैं, जबकि कांग्रेस सदस्य देवता के पुजारी (उपासक) हैं।जयराम रमेश ने कहा, 22 जनवरी का जशन राजनीतिक था। यह एक राजनीतिक व्यक्ति के लिए किया गया था। हम राम के उपासक हैं और वे (भाजपा) राम के व्यापारी हैं। दिलचस्प बात यह है कि आज मेरा जन्मदिन है। मेरा नाम है -जयराम रमेश - मेरे नाम के दोनों भागों में 'राम' है। हमें कोई राम विरोधी नहीं कह सकता है। ये धर्म का राजनीतिकरण है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में अपनी लोकसभा चुनाव रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी के बारे में जयराम रमेश से सवाल किया गया था जिसमें प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमंत्रण को अस्वीकार करने के फैसले पर कांग्रेस की आलोचना की गई थी।पीएम मोदी ने यह भी आरोप लगाया था कि कांग्रेस ने उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जो पार्टी के रुख से असहमत थे। कांग्रेस ने जनवरी में एक बयान जारी कर अपने वरिष्ठ नेताओं को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का निमंत्रण यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया था ।

# फायर स्टेशन सिविल लाइन और सभी फायर स्टेशन अग्नि शमन सेवा स्मृति दिवस मनाया गया

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** फायर स्टेशन सिविल लाइन और सभी फायर








स्टेशन मां0हाइकोर्ट,नैनी, मेजा, बारा, कोरांव, हडिया, फूलपुर सोराव, में दिनाक 14 अप्रैल को अगिन शमन सेवा स्मृति दिवस मनाया गया और सभी फायर स्टेशन द्वारा अपने अपने क्षेत्र में जागरुकता अभियान चलाया गया और अगिन्शमन वाहन से रैली भी निकाली गई और जनमानस और अधिकारियों को पिनफ्लैग भी लगाया गया इस संबन्ध में अवगत कराना है की 14 अप्रैल 1944 को मुंबई शिपयार्ड पर फोर्ड स्पिकिन नामक जहाज में भयंकर अगिन्कांड हो गया जिसने अगिन्शमन कार्य करने में 66 फायर सर्विस के जवान शहीद हो गए उन सभी अमर शहीदों के याद में प्रति वर्ष अगिन्शमन सेवा स्मृति दिवस मनाया जाता है और आज ही से एक सप्ताह अगिन्शमन सेवा सप्ताह भी मनाया जाता है । दिवंगत शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु फायर स्टेशन सिविल लाइन में डॉ0 आर के पांडेय सीएफओ कमिशन्रेट प्रयागराज और अन्य सहयोगी अधिकारी/कर्मचारियों सहित 02 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई इसके पश्चात जनजागरुकता हेतु अगिन्शमन वाहनों की फायर रैली भी अगिन्शमन अधिकारी राजेश कुमार के निर्देशन में सिविल लाइन फायर स्टेशन से लोकसेवा आयोग पुन पत्रिका चौराहा, से एजी ऑफिस होते हुए गिरजाघर चौराहा, सुभाष चौराहा पुन नबाब युशुफ रोड होते हुए रेलवे स्टेशन, जॉन्सेनगंज, रामबाग, मेडीकल चौराहा होते हुए हनुमान मंदिर सिविल लाइन पे समाप्त की गई रैली में प्रमुख स्थानों पर नागरिकों को अगिन सुरक्षा के पंपलेट बाटे गए और सुरक्षा की जानकारी दी गई।

# रीवा जिले में बोरवेल में गिरा 6 वर्ष का बालक हार गया जिंदगी की जंग, अब पोस्टमार्टम की तैयारी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**रीवा।** जनेह थाना क्षेत्र के मनिका गांव में बोरवेल में गिरे बालक मयंक तक रेस्क्यू टीम पहुंच गई है। उसे रहा था। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर रहे। बच्चे तक पहुंचने के प्रयास में रेस्क्यू टीम लगी रही। खुदाई के दौरान



बाहर निकाला जा रहा है। जानकारी के अनुसार 6 वर्ष के मयंक की सांसें थम चुकी हैं। त्यौंथर एसडीएम संजय कुमार जैन ने मयंक की मौत की की पुष्टि है और अब त्यौंथर में पोस्टमार्टम करने की तैयारी की जा रही है। मयंक तक एनडीआरएफ की रेस्क्यू टीम पहुंच गई, टीम ने उसे मृत बताया है। शव निकालने के बाद डॉक्टर परीक्षण करेंगे। इससे पहले खुले बोरवेल में फंसे हुए मयंक को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन बचाव टीम देर रात तक इस 6 वर्ष के बच?चे तक नहीं पहुंच सकी थी। बच?चे की लोकेशन का पता नहीं चल पा जलस्तर बढ़ गया था। पंप लगाकर पानी निकालने का प्रयास किया गया ,लेकिन बच?चे को नहीं बचाया जा सका।दो रातों से नहीं सोए अधिकारी व रेस्कयू टीम बोर में फंसी जिंदगी को बचाने दो रातों से नही सोए थे अधिकारी व रेस्कयू टीम के लोग, लेकिन ये प्रयास नाकाफी रहे। कलेक्टर प्रतिभा पाल, एसपी विवेक सिंह, जिप सीईओ सौरभ सोनवाड़े, एएसपी अनिल सोनकर, एसडीएम संजीव जैन, एसडीओपी उदित मिश्रा, थाना प्रभारी कन्हैया बघेल, जनपद सीईओ राहुल पाण्डेय मौके पर मोर्चा संभाले हुए रहे। तीसरे दिन भी रेस्कयू ऑपरेशन चला।

# अपर जिला जज ने जिला कारागार में बंदियों को दिया प्रशिक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रतापगढ़ ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के आदेशानुसार जिला कारागार में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल द्वारा अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी कैमपेन की सफलता हेतु एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं, जेल विजिटिंग लायर्स एवं जिला कारागार में निरुद्ध चयनित पी एल वी को बंदियों की रिहाई से सम्बन्धित दायित्वों के निर्वहन के संबन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। सचिव नीरज कुमार बरनवाल ने बताया कि उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय द्वारा समय समय पर जारी निणर्यों के महत्वपूर्ण अंशों तथा एस ओ पी को संकलित कर जनपद न्यायालय की बेवसाइट पर अपलोड किया जाना है ।

# सीएम योगी आदित्यनाथ को फ्लैग पिन लगाया व उन्हें सम्मानित किया



**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**लखनऊ।** अगिन्शमन सेवा दिवस के मौके पर यूपी पुलिस के जनलोकप्रिय,कर्तव्यनिष्ठ सीनियर आईपीएस अफसर एवं पुलिस महानिदेशक अगिन्शमन उत्तर प्रदेश अविनाश चन्द्र ने लखनऊ के 5 कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर पहुंचकर सीएम योगी आदित्यनाथ को फ्लैग पिन लगाया व उन्हें सम्मानित किया...इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अविनाश चन्द्र जी के साथ अगिन्शमन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ/प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थलों का किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रतापगढ़ ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पनन कराने के लिये मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा ने मतदान कार्मिक प्रशिक्षण स्थल राजकीय इंटर कॉलेज एवम सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण संकुशल सम्पनन हो, प्रशिक्षण में यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त उन्होने संबंधित अधिकारियों को अन्य महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। दिनांक 15 अप्रैल 2024 के प्रशिक्षण में दोनों प्रशिक्षण केंद्र पर प्रथम पाली में 1600 और दूसरी पाली में 1600 कार्मिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। दोनों प्रशिक्षण स्थलों पर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस दौरान जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज कुलश्रेष्ठ तिवारी सहित राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मो0 अनीस, धर्मेन्द्र ओझा, नीरज मिश्रा आदि रहे।





# फायरमैन जनता की सुरक्षा के लिए कृत संकल्पित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**अनपरा (सोनभद्र)।** हिंडालको रेनूसागर पावर डिवीजन रेनूसागर प्लांट परिसर स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी लॉन में अगिन्शमन सेवा दिवस का आयोजन किया गया तत्पश्चात बरिष्ठ अधिकारियो द्वारा 14 अप्रैल,1944 को शहीद हुए समस्त शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिन्होंने अपने कर्तव्य पालन में तेज उठती लपटों के बीच अपने प्राणों की आहुति दे दी। ततपश्चात अगिन्शमन दिवस पर अधिकारियों ने एक-दूसरे को फायर सेफ्टी बैज लगाया। ध्वजारोहण के पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रेनूसागर पावर डिवीजन के यूनिट हेड आर पी सिंह ने कहा कि आग सबसे अच्छी सेवक और सबसे खराब स्वामी भी है,बस जरुरत है सदुपयोग की, उन्होंने कहा कि हमारे फायरमैन जनता की सुरक्षा के लिए कृत संकल्पित है, जब कभी कहीं पर आग लग जाती है तो फायर कर्मी घटनास्थल पर अटूट साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए धधकती हुई आग पर काबू पाने के लिए भरपूर कोशिश करते हैं तभी आग पर काबू कर पाते है। उन्होंने अगिन से बचाव हेतु एक दूसरे को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया तथा कहा कि सभी लोग अपने कार्यस्थल पर साफ सफाई ,फायर के दौरान उपयोग किये जाने वाले उपकरणों की नियमित रूप से जांच करे, साथ ही साथ फायर टेंडर मशीनों की जांच, रख रखाव करना चाहिये। इसके पूर्व मुख्य अतिथि ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए फायर सेफ्टी जागरूकता नामक पुस्तिका का विमोचन किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मैंटीनैंस हेड जगदीश पात्रा ने कहा कि फायर सर्विस कर्मी आग से खेलने का काम करते हैं इस खतरनाक काम को अंजाम देते हुए उन्हें अपनी जान की फिक्र भी नहीं होती है फिक्र होती है तो सिर्फ उस जलते मंजर या उसमें दूसरे कि जिंदगियों को बचाने की, ये फायर कर्मी अपनी जान कि परवाह न करते हुए जनता की रक्षा के लिए कृत संकल्पित रहते है। इसी क्रम में कार्यक्रम का सञ्चालन करते हुए सिक्योरिटी व नगर प्रशासन विभाग के प्रमुख कर्नल जयदीप मिश्रा ने सभी अधिकारियो का आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित सभी को अगिन्शमन दुर्घटना से बचाव के लिए शपथ दिलाई तथा आग से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी और उपस्थित सभी से अपील किया कि इस समय आग लगने कि ज्यादा संभावना रहती है,इसलिए सभी सहकमिर्यों से सावधानी बरतने की अपील किया। फायर विभाग के इंचार्ज के सी ब्यूरा द्वारा मुख्य अतिथि व अन्य अधिकारियो को अगिन्शमन उपकरणों की लगायी गई प्रदर्शनी के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनु अरोरा,कुमार हर्ष वर्धन,मनीष सिंह, मृदुल भरद्वाज, सुबोध दवे, अरविन्द सिंह ,संदीप यावले , संजय श्रीमाली, समीर आनंद,प्रणव सोनी सहित सभी विभागों के प्रमुख व कर्मचारी उपस्थित थे।



# बुंदेलखंड की तस्वीर साप्ताहिक समाचार पत्र का हुआ विमोचन एवं कार्यालय का भव्य उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**झाँसी।** पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। पत्रकारिता का उद्देश्य समाज को सूचित करना, जागरूक करना और सशक्त बनाना है। पत्रकारिता समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। पत्रकारिता के माध्यम से, लोग अपने आसपास की दुनिया के बारे में जान सकते हैं और अपने स्वयं के निणर्य लेने के लिए आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जनपद में पत्रकारिता को और अधिक सशक्त बनाने एवं आमजन के बीच सूचनाओं के सुचारू रूप से आदान प्रदान के लिए ठबुंदेलखंड की तस्वीरठ नामक साप्ताहिक समाचार पत्र का विमोचन हुआ साथ ही मिशन कंपाउंड स्थित कार्यालय का उद्घाटन भी हुआ। इस समाचार पत्र के संपादक शीलू तिवारी एवं उप संपादक सरिता सोनी हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ0 संदीप सरावगी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसभापति सुशीला दुबे व राजकीय इंटर कॉलेज के उप प्रधानाचार्य आलोक शांडिल्य उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया गया तत्पश्चात समाचार पत्र के संपादक द्वारा अतिथियों को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर संदीप सरावगी ने कहा लोकतंत्र में पत्रकारिता का निष्पक्ष होना अत्यंत आवश्यक है एक पत्रकार की कलम को जितनी अधिक स्वतंत्रता मिलेगी लोकतंत्र उतना ही अधिक मजबूत होगा। इतिहास इस बात का साक्षी है बड़े-बड़े भ्रष्टाचारों और देश व समाज विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पत्रकारों ने अपने प्राण तक न्योछावर कर दिये। मैं आशा करता हूं कि बुंदेलखंड की तस्वीर समाचार पत्र की पूरी टीम निष्ठा के साथ समाज उत्थान हेतु तत्पर रहेगी एवं यह आश्वासन देता हूँ हमारे किसी भी पत्रकार बंधु पर कोई विपत्ति आयेगी तो मैं सदैव उनके साथ खड़ा मिलूंगा। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार रामसेवक अड़जरिया ने किया एवं कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार समाचार पत्र के प्रबंधक दीपक त्रिपाठी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में झांसी महानगर सहित गुरसराय, तोड़ी फतेहपुर, जालौन, उरई, पूंछ, ललितपुर एवं मऊरानीपुर के पत्रकार उपस्थित रहे जिन्होंने समाचार पत्र के उज्जवल भविष्य हेतु पूरी टीम को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सिविल डिफेंस की घटना नियंत्रण अधिकारी प्रगति शर्मा, पत्रकार महेश पटेरिया, सोनिया पांडे, प्रभात सक्सेना, हर्षिता पटेरिया, शीतल तिवारी, बृजेंद्र चतुर्वेदी, रानू साहू, श्याम कुशवाहा, पुनीत श्रीवास्तव, अरुण चतुर्वेदी, सतीश शर्मा, अवधेश शर्मा, गोविंद त्रिपाठी, सुनील शर्मा, सीताराम श्रीवास, संदीप बिटोलिया, प्रदीप तिवारी, भगवान सिंह, राकेश पटेरिया, रिंकू तिवारी, प्रभाकांत मिश्रा, बाबा कुरैशी, पुरुषोत्तम राय, प्रमेंद्र सिंह, सभासद मयंक श्रीवास्तव, संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, आशीष विश्वकर्मा, बसंत गुप्ता, सुशांत गेड़ा, राकेश अहिरवार आदि उपस्थित रहे।



# पीजी कॉलेज के खिलाफ छात्राओं ने किया प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** वजीफा न मिलने से आक्रोशित संत कीनाराम सनतकोत्तर महाविद्यालय के बीएड द्वितीय वर्ष के तीसरे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंच कर प्रदर्शन किया। छात्रों ने कालेजद प्रशासन पर छात्रवृत्ति का फार्म निरस्त होने का आरोप लगाया। एडीएम सहदेव मिश्रा से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया। वहीं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के एक अफसर ने कालेज से छात्र-छात्राओं का डाटा फारवर्ड नहीं किए जाने की बात की। कहाकि इसीलिए छात्रवृत्ति नहीं भेजी जा सकी। वहीं कालेज के प्रबंधक/प्राचार्य गोपाल सिंह का कहना है कि छात्रों की समस्याओं का समाधान करा दिया जाएगा। कालेज से डाटा भेजा जा चुका है। छात्रा प्रीति, अमित सिंह, अखिलेश पटेल, सुनील कुमार, सुरुचि सिंह, विशाखा, अमन कुमार ,संदीप कुमार, संध्या यादव ,शिमा मौर्या,आभा पांडेया,शाक्षीना,अनानू पटेल,आँचल,सुरुचि सिंह आदि ने आरोप लगाया कि बीएड द्वितीय वर्ष के तीसरे सेमेस्टर में करीब 151 छात्र-छात्राएं अश्ययनरत हैं।

# सिहावल के विराट रुद्रमहायज्ञ में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** घोरावल के सिहावल में चल रहे विराट रुद्रमहायज्ञ सँग श्रीमद्भागवत कथा एवं रासलीला के सप्तम दिवस को उमड़ा जनसैलाब। यहाँ प्रवहमान आध्यात्मिक त्रिवेणी में अवगाहन कर प्राप्त किया पुण्यलाभ। पुण्यप्रदा भागवत कथा में वृन्दावन से आये बाल व्यास रवि शास्त्री ने श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह के प्रसंग को बखूबी उकेरते हुए हरण के सन्दर्भ परिभाषित किये। विषयगत तथ्यों के आलोक में बाल व्यास ने हलधर बलराम की कथा पर भी भरपूर रोशनी डाली। रुक्मिणी के हरण करने के कथ्य के साथ ही शिशुपाल के प्रसंग भी व्याख्यायित किये। रासलीला के लोकलुभावन कार्यक्रम में मीराबाई के वृत्तांत परिदृश्य के साथ कुशलता से मंचित किये वृन्दावन से आई सन्त परमानन्द की मण्डली ने। नवरात्रि 9 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ विराट रूद्र महायज्ञ का आरम्भ द्वितीयकाशी की तपोस्थली सिहावल में हुआ जहां सातवें दिवस भक्तों का जमावड़ा रहा। डॉ0 अनिल कुमार मौर्य विधायक घोरावल, प्रतिनिधि सुरेंद्र मौर्य, मण्डल अध्यक्ष शिवद्वार सुनील चौबे, भाजपा के जिला एंव घोरावल के पदाधिकारी, मनोज चौबे व श्रद्धालुओं - भक्तप्राण जनों की भीड़ शामिल हुई आध्यात्मिक त्रिवेणी में। सन्त रामनिवास शुक्ल की अध्यक्षता एवं डॉ0 परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव ठपुष्करठ के संरक्षकत्व में चल रहे प्रतिदिन तीन आध्यात्मिक कार्यक्रमों के विशद आयोजन में अखण्ड प्रताप सिंह, ओमप्रकाश सिंह, रामशंकर , लवकुश कुमार , शालिक राम गुप्ता, उदित लाल अग्रहरि, कैलाशनाथ उमर, तौलन पॉल, कृपा पॉल, पँचधारी , गणेश , मुनन भण्डारी व मुनेश्वर तथा अन्यान्य गणमान्य जनों की सक्रिय समुपस्थिति रही।




# 32 लाख के नकली मोबिल दो संचालक गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** पुलिस ने नकली मोबिल व ट्यूब पर नकली ब्रान्डेड कम्पनी का रैपर व ट्रैडमार्क पर करवाई कालाबजारी करने वाले 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से भारी मात्रा में नकली मोबिल, ट्यूब व एक अदद टाटा मैजिक वाहन 23 लाख बरामद सोनभद्र। आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा विभिनन्प्रकार के नकली उत्पादों का प्रयोग कर ग्राहकों से धोखाधड़ी कर मुनाफा कमाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है, इसी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय के निर्देशन में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस टीम द्वारा रविवार को समय रात्रि 22.45 बजे धर्मशाला रोड स्थित यूको बैंक के सामने वाली गली से नकली मोबिल व ट्यूब पर नकली ब्रान्डेड कम्पनी का रैपर व ट्रैडमार्क लगाकर ग्राहकों को धोखा देकर कालाबजारी वाले 02 नफर अभियुक्तगण :- 01.उपेन्द्र उर्फ मंगल केशरी पुत्र नन्दलाल केशरी निवासी धर्मशाला रोड थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 40 वर्ष, 02. सैफ पुत्र रियाजूल हसनैन निवासी ब्रह्मनगर (दीपनगर) थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से भारी मात्रा में नकली मोबिल, सुलेशन, ट्यूब व एक अदद टाटा मैजिक माल वाहक संख्या ळइ64ऊ6897 बरामद किया गया । इस बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर विभिनन्धाराओं में मामला दर्ज करते हुए ट्रैडमार्क एक्ट बनाम दो नफर गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण उपरोक्त व महावीर इण्टर प्राइजेज लहुराबीर का स्वामी नाम पता अज्ञात के पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है। **गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण**01.उपेन्द्र उर्फ मंगल केशरी पुत्र नन्दलाल केशरी निवासी धर्मशाला रोड थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 40 वर्ष ।02.सैफ पुत्र रियाजूल हसनैन निवासी ब्रह्मनगर (दीपनगर) थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 26 वर्ष । **सामान बरामदगी का विवरण** 1. विभिनन्ब्राण्ड के कुल 2065 डब्बे नकली मोबिल। 2. सुलेशन व 1183 अदद ट्यूब । 3. एक अदद टाटा मैजिक माल वाहक संख्या ळइ64ऊ6897 । **गिरफ्तारी /बरामदगी में सम्मिलित पुलिस टीम में**1.प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार राय थाना रॉबर्ट्सगंज, 2.उ0नि0 रामसिंहासन शर्मा चौकी प्रभारी कस्बा रॉबर्ट्सगंज 3.का0 सदीप कुमार चौकी कस्बा 4.का0 लवकुश खरवार चौकी कस्बा 5.का0 रमेश गौड़ 6.का0 विनय कुमार थाना मौजूद रहे।



# निषाद समाज को राजनैतिक रूप से संगठित होने के साथ ही शैक्षणिक रूप से मजबूत होने की आवश्यकता है

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर।** जो समाज अपने महापुरुषों का स्मरण नहीं करता,



वो समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता है मीरजापुर, 13 अप्रैल निषाद समाज को राजनैतिक रूप से संगठित होने के साथ ही शैक्षणिक रूप से मजबूत होने की आवश्कता है।यह विचार अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने शनिवार को जनपद के बालूघाट चुनार में आयोजित गुहराज निषाद जी की जयंती के अवसर पर व्यक्त किया। श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने इस अवसर पर कहा कि जो समाज अपने महापुरुषों का स्मरण नहीं करता, वो समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि जो समाज अपने महापुरुषों के इतिहास से प्रेरित नहीं होता, वह समाज कभी भी गौरव के भाव से पूर्ण नहीं हो सकता। श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आप निषाद राज का स्मरण करके उनके व्यक्तित्व से निरंतर स्वयं प्रेरेरित हो रहे हैं एवं आने वाली पीढ़ियों को उनके इतिहास को जानने में अपना योगदान दे रहे हैं। यह सराहनीय कार्य हैं। केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि इसके साथ हमें एक और काम करने की जरूरत है। हमारा निषाद राज आजादी के 75 सालों बाद भी शैक्षणिक दृष्टि से अत्यंत पिछड़ा हुआ है। उन्होंने निषाद समाज से आह्वान किया कि आज के इस अवसर पर मैं आप सभी से यही कहना चाहती हूं कि आप राजनैतिक रूप से संगठित हों। यह नितांत आवश्यक है, लेकिन इसके साथ ही साथ आप शैक्षणिक रूप से और मजबूत बनिए यह भी बहुत आवश्यक है। यदि आप सही मायने में पिछड़ेपन की बेड़ियों से आजाद होना चाहते हैं तो शिक्षा से बेहतर इसका कोई माध्यम नहीं हो सकता है। इसलिए आप अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दीजिए। ये भावी पीढ़ी शिक्षित होकर ही आपके समाज को आगे ले जा सकती है। श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जितना योग्य अगली पीढ़ी होगी, उतना ही समाज का भविष्य उज्जवल होगा। आप कितनी भी ताकत अर्जित कर लीजिए, लेकिन यदि योग्यता और शिक्षा का अभाव है, तो हम उन उचांइयों के साथ न्याय नहीं कर पाते हैं। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोगों से आह्वान किया कि आज आप यह भी संकल्प लीजिए कि आने वाले समय में आप और मजबूत होते जाएं। हमें युवा पीढ़ी को नशामुक्त रखने का भी संकल्प लेना है। इस अवसर पर श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने मिर्जापुर में स्थापित निषादराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।कार्यक्रम आयोजन करता नगर अध्यक्ष रामश्रे निषाद?। इस दौरान निषाद पार्टी जिला अध्यक्ष आर.एन. इ.पी राजकुमार निषाद, संगठन जिला अध्यक्ष दीपक निषाद, पूर्व चेयरमैन श्री विजय वर्मा, राष्ट्रीय सचिव मेघनाथ पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अनिल सिंह पटेल, प्रदेश सचिव पंचायत मंच राजेंद्र पटेल, प्रदेश सचिव व्यापार मंच दुखरन पटेल, महामंत्री हरिशंकर पटेल, जिला अध्यक्ष महिला मंच नमिता केसरवानी, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष आईटी हेमंत कुमार बिंद, विधानसभा अध्यक्ष नंदू निषाद, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रामबंधु निषाद, आईटी सेल राजन निषाद, विधानसभा अध्यक्ष धनंजय पटेल, मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गुप्ता, जोन अध्यक्ष आलोक पटेल, जोन अध्यक्ष वरुण पटेल, जोन अध्यक्ष श्याम कुशवाह, राहुल ओझा कन्हैयालाल, साहब निषाद, मिख्खु निषाद, मनोज निषाद, रामविलास निषाद, श्याम जी निषाद, भारत लाल निषाद आदि अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## समाजवादी मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रविवार को समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र घोरावल के विधानसभा की बैठक जिला पार्टी कार्यालय पर की गई और समाजवादी मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की भी बैठक की गई बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाताओं को जागरूक करने की रणनीति तैयार की गई समाजवादी मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष सत्यम पांडे एवं उनकी सभी कार्यकारिणी के पदाधिकारी का जोरदार स्वागत किया गया त् नौजवानों ने आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं का बूथ पर वोट पड़े इसके लिए कमर कसी और गांव गांव जाकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रणनीति बनाई ।

## कानून व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही खाकी कर रही रिश्तों को भी मजबूत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** छोटी-मोटी बातों व गलतफहमियों के कारण अलग हुए दम्पत्तियों को सोनभद्र पुलिस द्वारा लगातार समझा-बुझाकर कराया जा रहा एक। महिला थानाध्यक्ष के प्रयास से 03 वैवाहिक जोड़ों की हुई काउंसलिंग, पति-पतनी साथ में रहने के लिये हुए राजी- डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशानुसार जनपद में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में आज दिनांक 14.04.2024 को महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित परामर्श केन्द्र में थानाध्यक्ष महिला थाना सविता सरोज मय टीम द्वारा महिला थाना रॉबर्ट्सगंज में पति-पतनी के बीच चल रहे विवाद के संम्बंध में 03 जोड़ा पति-पतनी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया़ जिससे पति-पतनी राजी-खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए ।

## थाना ओबरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-37/2024 धारा 379, 411, 120भी भादवि से सम्बन्धित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन एवं



अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी ओबरा के पर्यवेक्षण तथा कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक-13.04.2024 को थाना ओबरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 37/2024 धारा 379, 411, 120भी भादवि से संबंधित अभियुक्तों 01. राजू यादव पुत्र वीरेन्द्र कुमार यादव निवीसी ग्राम बधौना थाना नरही जिला बलिया हाल पता बिल्ली पोखरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 26 वर्ष, 02. रंजन सिंह पुत्र स्व0 इन्दू सिंह निवासी ग्रमा इनई थाना छपरा जिला छपरा बिहार हाल पता न्यू कालोनी सेक्टर नं0-99 ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 32 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -** 01. राजू यादव पुत्र वीरेन्द्र कुमार यादव निवीसी ग्राम बधौना थाना नरही जिला बलिया हाल पता बिल्ली पोखरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 26 वर्ष । 02. रंजन सिंह पुत्र स्व0 इन्दू सिंह निवासी ग्रमा इनई थाना छपरा जिला छपरा बिहार हाल पता न्यू कालोनी सेक्टर नं0-99 ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 32 वर्ष । **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः -** 01.उ0नि0 सरीमन सोनकर चौकी प्रभरी कस्बा ओबरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र । 02. हे0 का0 लल्लन यादव, थाना ओबरा सोनभद्र। 03. का0 अरविन्द कुमार थाना ओबरा जनपद सोनभद्र।

# हर्षोल्लास से मनाई गई डा. भीमराव आंबेडकर जयंती

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जिले भर में संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती रविवार को शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों कोतवाली तिराहा, शीतला चौक, सिविल लाइन, मुख्य डाकघर, रोडवेज बस स्टैंड आदि से होती



धूमधाम पार्टी कार्यालय पर भी मनाई गई। लोगों को जागरूक कर उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। कई जगह शोभायात्राएं निकाली गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर संविधान के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुड्डू राम ने बोधिसत्व भारत रतन बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर कार्यकर्ताओं की ओर से अनुयायियों ने शोभायात्रा निकालकर बाबा साहेब का भावपूर्ण स्मरण किया। सभा का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि प्रेम नाथ गौतम व अध्यक्षता अविनाश शुक्ला ने किया। हुई पार्टी कार्यालय पहुंची वही विशाल सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। बहुजन समाज पार्टी जिला अध्यक्ष बी सागर के संचालन में आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब सभी वर्गों के प्रिय थे। उन्होंने सभी वर्गों के उत्थान के लिए विकास कार्य किए। इस अवसर पर अविनाश शुक्ला,मुख्य मंडल मिर्जापुर प्रभारी घनश्याम गौतम,संजय कुमार,फूल मोहम्मद,अमन मौर्या,परमेश्वर भारती, डॉ ओपी मौर्या,जमुना कुमार,कमलेश गोंड़, नीरज श्रीवास्तव, रंगीला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भारतीय संस्कृति का ऐसा अनोखा पर्व है सतुआन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रविवार को आदर्श इंटर है. इस संयोजन के साथ हमारा सामाजिक जीवन सालोंभर सतत् के तराई क्षेत्र में इस उत्सव की बेहद धूम होती है. बिहार और



कॉलेज राबट्र्सगंज मे महान संस्कृति पर्व सतुआन मनाया गया । जिसमें प्रधानाचार्य संतोष कुमार द्वारा सतुआन पर्व की महत्ता को बताया गया कि सतुआन लोक-संस्कृति का ऐसा अनोखा पर्व है, जो धीरे-धीरे लुप्त होता जा रहा है. सतुआन हमारे स्वस्थ जीवन का एक सांस्कृतिक संकेत है. इसमें हम सौभाग्य और कामना पूर्ति के लिए सहज भाव से प्रकृति की पूजा-आराधना करते हैं। भारतीय जीवन में प्रकृति, उत्सव और समाज की एकात्मकता का अद्भुत संयोजन गतिमान रहता है. यहां सर्वत्र प्रकृति, संस्कृति और सृष्टि संग अनुष्ठानों की महत्ता होती है. सालोंभर चलनेवाले उत्सव लोकचेतना के रंग और रस हैं, जहां परंपराओं की महत्ता अनुष्ठान से अधिक है. यहां परंपराओं के संग पूजा का महत्व होता है. प्रकृति और परमात्मा से जुड़ाव का यह देशज तौर-तरीका है. हरेक साल अप्रैल के चौदहवीं तिथि को लोक-संस्कृति का पर्व सतुआन मनाया जाता है. पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार संग नेपाल नेपाल के मैथिली भाषी क्षेत्र मे यह जुड़ शीतल तो शेष जगह सतुआन नाम से प्रचलित है. इसे जुड़ शीतल, टटका बासी, सतुआ संक्रांति, बिसुआ आदि से भी जाना जाता है. हालांकि सतुआन अत्यधिक प्रचलित है। इस महान पर्व पर विद्यालय के डॉ मंजू सिंह, शिवमनी,रिंकी ,कंचन मौर्या ,अमरेंद्र कुमार सिंह, विनीत कुमार, पंकज कुमार पांडे, राजेश कुमार उपाध्याय,रमन सिंह आदि शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## थाना घोरावल पुलिस द्वारा 05 नफर वांछित अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये



जा रहे अभियान के क्रम में थाना घोरावल पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 40/2024 धारा 34, 147, 308, 323, 504, 506, 427 भादवि में वांछित 05 नफर अभियुक्तगण को आज दिनांक 14.04.2024 को मुक्खा मोड़ बस स्टैण्ड से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। विवरण निमन्वत है। **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-** 1- श्रीकान्त पुत्र महावीर निवासी ग्राम खुटहाँ थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 35 वर्ष । 2- रोहित कुमार पुत्र गनेश प्रसाद निवासी ग्राम खुटहाँ थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 34 वर्ष । 3- यशवन्त राव पुत्र स्व0 रामानन्द निवासी ग्राम खुटहाँ थाना घोरावल जनपद सोनभद्र उम्र करीब 26 वर्ष । 4- अर्चना पतनी अनिल कुमार निवासी ग्राम खुटहाँ थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 32 वर्ष ।5- अंचला पतनी रोहित कुमार निवासी ग्राम खुटहाँ थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 30 वर्ष । **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-** 1. प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल थाना घोरावल सोनभद्र । 2. उ0नि0 शिव कुमार सिंह चौकी प्रभारी कस्बा घोरावल सोनभद्र । 3. उ0नि0 अजय कुमार पाण्डेय थाना घोरावल जनपद सोनभद्र । 4. हे0का0 अभिषेक सिंह थाना घोरावल जनपद सोनभद्र । 5. हे0का0 रामेश्वर प्रसाद थाना घोरावल जनपद सोनभद्र । 6. म0का0 पूनम कुमारी थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र ।

## क्रूरता पूर्वक पिकअप मे 10 पशुओ को लेजाने वाले अभियुक्त को चोपन पुलिस ने किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** 1 नफर अभियुक्त गिरफ्तार व पिकप ळइ65ऊ1690



से 10 राशि पशु बरामद- डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों व गौ-तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन पुलिस द्वारा आज दिनांक 13.04.2024 को समय प्रातः 07.00 बजे कोटा बाजार तेलगुड़वा से एक पिकप संख्या ळइ65ऊ1690 में 02 राशि भैसा, 05 राशि भैस, 03 राशि पडि़या (कुल 10 राशि) बरामद कर मौके से एक नफर अभियुक्त अब्दुल रहमान पुत्र कतवारू निवासी गरौडी थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना चोपन पर मु0अ0सं0 76/2024 धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -** 1.अब्दुल रहमान पुत्र कतवारू निवासी गरौडी थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर । **वांछित अभियुक्त गण का विवरण-** 1.सुबाष पुत्र शंकर गुप्ता निवासी सुसुहाई जनपद वाराणसी (पिकअप का मालिक व चालक)। 2.रोशन पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम बभनी थाना बभनी जनपद सोनभद्र । **बरामदगी का विवरण -** 1- 02 राशि भैसा । 2- 05 राशि भैस । 3- 03 राशि पडि़या । 4- वाहन पिकप ळइ65ऊ1690 । **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण -** 1. निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना चोपन जनपद सोनभद्र। 2. व0उ0नि0 ओमप्रकाश नारायण सिंह थाना चोपन सोनभद्र । 3. हे0का0 कृष्ण कुमार यादव थाना चोपन जनपद सोनभद्र । 4. हे0का0 विमलेश कुमार गुप्ता थाना चोपन जनपद सोनभद्र ।

## मतदान केन्दों पर सभी आवश्यक मूल भूत सुविधायें उपलब्ध कराये

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) /उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में मतदान केन्दों पर आवश्यक मूल-भूत सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में बैठक की गयी, बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी नें उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान केन्द्र/मतदेय स्थलों पर साफ-सफाई व्यवस्था के साथ पीने की पानी और शौचालय के मरम्मत का कार्य ससमय पूर्ण कर लिया जाये इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी विद्यायलय मतदान केन्द्र के रूप में चिन्हित किया गया है उसमें विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण कर ली जाये और जिला पंचायत राज विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए मतदान केन्द्र वाले विद्यालयों में बाउन्ड्रीवाल व गेट निर्माण कार्य भी पूर्ण कर लिया जाये इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करतें हुए कहा कि जिस भी विद्यालय में विद्युत कनेक्शन से अभी तक वंचित है उसमें विद्युत कनेक्सन से सम्बन्धित कार्य बेसिक शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करके पूर्ण कर लिया जाये। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशिते हुए कहा कि नगरिय क्षेत्रों के अन्तर्गत मतदान केन्द्र है वहा पर पानी व शैचालय व्यवस्था पूर्ण न हो उसे शीघ्र पूर्ण कर ले और मतदान के दिन पेयजल की व्यवस्था निरन्तर बनी रहे और गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केन्दों पर पीने के पानी की व्यवस्था निरन्तर बनी रहे इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। इस दौरान बैठक में उप जिलाधिकारी सदर निखिल यादव, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा अजय कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, ए0डी0पी0आर0ओ0 सुमन पटेल, समस्त नगर पालिका/नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहें।

## अर्दली रूम, सम्बन्धित विवेचकों को विवेचना का त्वरित निस्तारण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रविवार को क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय द्वार थाना रॉबर्ट्सगंज पर अर्दली रूम किया गया । अर्दली रूम के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर लम्बित विवेचनाओं के सन्बंध



में विस्तृत रूप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये । इसके अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी द्वारा अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाने के मालों का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए । इसके साथ ही वर्तमान समय में शासन एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी आदेशों एवं अभियानों के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । इस दौरान थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय, महिला थाना निरीक्षक सविता सरोज ,नई बाजार चौकी प्रभारी संजय सिंह,सुजीत कुमार सेठ,अजय कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बाबा साहब के जन्मदिन पर निकाली गई शोभा यात्रा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र, राबट्र्सगंज।** भारत रतन बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती रविवार को विभिनन स्थलों पर बहुत ही धूमधाम से मनाई गई। सहीजन कला मोहाल वार्ड नंबर 4 में बाबा साहब की जयंती बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री नीतू संजीवइया व चित्रा जालान प्रधानाचार्या दी आर्यनस अकेडमी ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया व बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने की अपील की।साथ ही कहा कि हमको उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए व समाज में व्याप्त बुराइयों को जड़ से खत्म करने का प्रयास करना चाहिए। इसके पश्चात सहीजन कला मोहाल वार्ड नंबर 4 से शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। जिसमें बाबा साहब के नाम का नारा लगाते हुए जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा, बाबा साहेब अमर रहें जैसे नारों से सबको विभुतित किया। शोभा यात्रा पूरे गांव से होते हुए फतेह चौराहा सहिजन खुर्द तक ले जायी गयी । यात्रा में भारी संख्या में पुरुष ,महिलाएं व युवा ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम समापन से पूर्व बाबा साहब का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। जिसके लिए बच्चे काफी उत्साहित दिखाई दे रहे थे। शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि सुश्री नीतू व श्रीमती चित्रा जालान ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व महिलाओं से बातचीत करते हुए उनके विचारों को समझते हुए अपनी बात भी कहीं बताया कि बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी ।

## पार्वती देवी की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** एम पी फाउंडेशन आखाड़ा मोहाल राबट्र्सगंज सोनभद्र के



तत्वाधान में वरिष्ठ पत्रकार सोन साहित्य संगम के निदेशक जनपद सोंनभद्र के चाचा जी पंडित मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी जी की धर्मपतने स्मृति शेष पार्वती द्विवेदी की 15 अप्रैल सोमवार को तृतीय पुण्यतिथि बहुत ही सादगी से पारिवारिक वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर परिवार के सदस्य सहित उपस्थित पत्रकारों साहित्यकारो,राजनीतिज्ञों व समाज सेवियों द्वारा उनको याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सुबह 11 बजे से उनकी याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामवासी सेवा आश्रम चोपन की प्रबंधक दुद्धी विधान सभा के प्रथम विधायक गांधी विचारधारा के स्वतंत्रता सेनानी पंडित स्वर्गीय ब्रज भूषण मिश्र की पुत्री सुभाषा मिश्रा उपस्थित रही और उन्होंने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि मैं आज बहुत ही भावुक हो गई है। पार्वती देवी की महानता के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मै पार्वती देवी को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करती हूं। कार्यक्रम में सर्व प्रथम स्मृति शेष पार्वती दिवेदी के चित्र पर उपस्थित अतिथियों एवम परिवार जनों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवम पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी ने और संचालन सोन साहित्य संगम के संयोजक अधिवक्ता पत्रकार राकेश शरण मिश्र ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित जानी मानी कवियत्री डा रचना तिवारी ने अपनी स्मृतियों को साझा करता हुए पार्वती दिवेदी को एक कुशल गृहणी बताया और अपनी कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# ईडन गार्डन्स में बल्लेबाजों की होगी मौज या गेंदबाज लूटेंगे महफिल, आंकड़ों के जरिए समझिए पिच का मिजाज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के 31वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की जायंट्स को 8 विकेट से मात दी थी। केकेआर और राजस्थान के बीच रोमांचक मुकाबला ईडन



भिड़ंत राजस्थान रॉयल्स के साथ होगी। राजस्थान के रजवाड़ों के लिए यह सीजन अभी तक कमाल का गुजरा है। टीम ने अब तक खेले छह मैचों में से 5 में जीत का स्वाद चखा है। लास्ट गेम में संजू सैमसन की पिंक आर्मी ने पंजाब किंग्स को 3 विकेट से धूल चटाई थी। वहीं, केकेआर ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 8 विकेट से मात दी थी। केकेआर और राजस्थान के बीच रोमांचक मुकाबला ईडन गार्डन्स के मैदान पर खेला जाएगा। केकेआर के होम ग्राउंड को बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग माना जाता है। कोलकाता के इस मैदान पर जमकर चौके-छक्कों की बरसात होती है और रनों का अंबार लगता है। गेंद बल्ले पर काफी अच्छे से आती है और आउटफील्ड तेज होने की वजह से बॉल को बाउंड्री लाइन तक पहुंचाना आसान रहता है। ईडन गार्डन्स के मैदान ने अब तक आईपीएल में कुल 88 मैच खेले गए हैं। इस दौरान पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को 36 मैचों में जीत मिली है। वहीं, 52 मैचों में मैदान चेज करने वाली टीम ने मारा है। यानी टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला इस मैदान पर ज्यादा कारगर रहता है। राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन इस सीजन कमाल का रहा है। बल्लेबाजी में संजू सैमसन का बल्ला जमकर बोला है। नंबर चार की पोजिशन पर खेलते हुए रियान पराग ने भी इस साल खासा प्रभावित किया है। जोस बटलर टूर्नामेंट में एक शतक जड़ चुके हैं। वहीं, बतौर फिनिशर शिमरॉन हेटमायर का प्रदर्शन लास्ट गेम में बेमिसाल रहा था। गेंदबाजी में ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल की जोड़ी ने बल्लेबाजों की नाक में खूब दम किया है।

# चिन्नास्वामी में आया रनों का सैलाब, एसआरएच ने लगाई रिकॉड्र्स की झड़ी; अपने ही होम ग्राउंड पर बेइज्जत हुए आरसीबी के गेंदबाज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चिननस्वामी के मैदान पर रनों का सैलाब आया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने 19 दिन बाद ही अपना ही रिकॉर्ड चकनाचूर कर डाला है। एसआरएच ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा टोटल स्कोर बोर्ड पर टांग दिया है। खास बात यह है कि हैदराबाद ने अपना ही रिकॉर्ड चकनाचूर किया है। आरसीबी के खिलाफ खेले जा रहे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद ने 3 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 287 रन लगाए हैं आईपीएल 2024 के 30वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की भिड़ंत आरसीबी के साथ हो रही है। हैदराबाद के बल्लेबाजों ने चिननस्वामी के मैदान पर जमकर तबाही मचाई। ट्रेविस हेड ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए महज 39 गेंदों पर शतक ठोका। वहीं हेनरिक क्लासन ने भी 67 रन की तेज तर्रार पारी खेली। एसआरएच ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा टोटल खड़ा किया सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। एसआरएच ने 27 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ स्कोर बोर्ड पर 277 रन लगाए थे। ठीक 19 दिन बाद ही हैदराबाद के बल्लेबाजों ने अपना ही रिकॉर्ड चकनाचूर कर डाला है। सिर्फ आईपीएल ही नहीं, बल्कि सनराइजर्स हैदराबाद ने टी-20 क्रिकेट का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर भी खड़ा किया है। हैदराबाद



ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 287 रन स्कोर बोर्ड पर लगाए। एसआरएच ने अफगानिस्तान द्वारा साल 2019 में बनाए गए 278 के स्कोर को पीछे छोड़ दिया है। टी-20 में सबसे बड़ा स्कोर नेपाल टीम ने खड़ा किया है। साल 2023 में नेपाल ने 3 विकेट खोकर 314 रन बनाए थे ट्रेविस हेड शुरुआत से बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने बल्ले से जमकर तबाही मचाई। हेड ने विस्फोटक अंदाज में खेलते हुए अपना अर्धशतक सिर्फ 20 गेंदों पर पूरा किया। फिफ्टी जमाने के बाद हैदराबाद के बल्लेबाज ने अपने असली तेवर दिखाए और अपना शतक महज 39 गेंदों पर पूरा कर लिया। हेड सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से सबसे तेज शतक जमाने वाले बैटर भी बन गए हैं। उन्होंने डेविड वॉर्नर के रिकॉर्ड को चकनाचूर कर दिया है। वॉर्नर ने साल 2017 में केकेआर के खिलाफ 43 गेंदों पर शतक ठोका था।ट्रेविस हेड ने महज 39 गेंदों पर शतक जमाने के साथ ही एडम गिलक्रिस्ट के रिकॉर्ड को चकनाचूर कर डाला है। आईपीएल में हेड सबसे तेज सेंचुरी जमाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। गिलक्रिस्ट ने 2008 में 42 गेंदों पर शतक जमाया था। इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने 2013 में सिर्फ 30 गेंदों पर सेंचुरी लगाई थी सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने 287 में से 208 रन सिर्फ चौके-छक्कों से बटोरे। एसआरएच के बैटर्स ने अपनी इनिंग में 22 छक्के जमाए। आईपीएल इतिहास में बाउंड्री की मदद से हैदराबाद ने दूसरा सबसे बड़ा टोटल बनाया है। आरसीबी ने पुणे वॉरियर्स के खिलाफ बाउंड्री से 210 रन ठोके थे। आरसीबी के गेंदबाज अपने ही होम ग्राउंड पर बुरी तरह से शर्मसार हुए। टीम के चार गेंदबाजों ने अर्धशतक पूरा किया। रीस टॉपले ने 4 ओवर में 68 रन लुटाए। वहीं, यश दयाल ने 4 ओवर में 51 रन खर्च किए। लॉकी फर्ग्यूसन ने 2 विकेट जरूर लिए, पर 52 रन लुटाए। वहीं, विजयकुमार वैशाक ने भी 4 ओवर में 64 रन खर्च किए। आईपीएल में यह पहला मौका है, जब किसी भी टीम के चार गेंदबाजों ने पचास का आंकड़ा पार किया है।

# ऐतिहासिक बना आरसीबी और एसआरएच टूटा टी-20 क्रिकेट का सबसे बड़ा रिकॉर्ड; हारकर भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कर दिया कमाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चिननस्वामी के मैदान पर टी-20 क्रिकेट इतिहास का सबसे गजब का मुकाबला खेला गया। चौके-छक्कों की नॉन स्टॉप बारिश हुई और रनों का अंबार मुकाबले के नाम हो गया है। एसआरएच ने पहले बैटिंग करते हुए 287 रन जड़े, तो आरसीबी ने भी 262 रन बना डाले। यानी दोनों पारियों को मिलाकर कुल इस मुकाबले में 549 रन बने। इससे पहले आईपीएल



लगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 287 रन लगाए, जो इस लीग का सबसे बड़ा स्कोर भी रहा। 288 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने भी जोरदार पलटवार किया। जीत तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पक्ष में नहीं आई, लेकिन टीम ने 262 रन जरूर बना डाले। आईपीएल 2024 के 30वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 25 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद ने स्कोर बोर्ड पर 3 विकेट खोकर 287 रन लगाए। इसके जवाब में आरसीबी ने 262 रन बनाए। दिनेश कार्तिक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंदों पर 83 रन की तूफानी पारी खेली। हालांकि वह टीम को जीत नहीं दिला सके। टी-20 क्रिकेट के एक मैच में सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के बीच खेले गए 2024 में ही हैदराबाद और मुंबई के बीच खेले गए मैच में 523 रन बने थे। सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के बीच खेले गए मुकाबले में कुल 81 बाउंड्री लगी। हैदराबाद और बेंगलुरु के बल्लेबाजों ने मिलकर 43 चौके जमाए, तो गेंद को 38 बार हवाई यात्रा पर छह रन के लिए भेजा। इससे पहले वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए मुकाबले में 81 बाउंड्री लगी थीं सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के बीच खेले गए मुकाबले में कुल 81 बाउंड्री लगी। हैदराबाद और बेंगलुरु के बल्लेबाजों ने मिलकर 43 चौके जमाए, तो गेंद को 38 बार हवाई यात्रा पर छह रन के लिए भेजा। इससे पहले वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए मुकाबले में 81 बाउंड्री लगी थीं। दिनेश कार्तिक ने आरसीबी की ओर से आखिर तक लड़ाई लड़ी। कार्तिक ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंदों पर 83 रन की यादगार पारी खेली।

# हेनरिक क्लासेन ने उड़ाया 106 मीटर का लंबा छक्का, स्टेडियम के बाहर जाती गेंद देख भौचक्के रहे गए कोहली

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ट्रेविस हेड (102) और के बॉलर्स की जमकर धुनाई करते हुए 31 गेंदों पर 67 रन की ताबड़तोड़ खराब तो नहीं थी, लेकिन पहले से मूड सेट करने वाले हेनरिक



हेनरिक क्लासेन की अर्धशतकीय पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन का स्कोर बना डाला। आईपीएल 2024 में साउथ अफ्रीका के धाकड़ बैटर हेनरिक क्लासेन का बल्ला खूब गरज रहा हैं। सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से आरसीबी के खिलाफ मैच में हेनरिक ने 31 गेंदों पर 67 रन बनाए। इस दौरान हेनरिक ने एक ऐसा छक्का जड़ा जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। उनका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है मैच में ट्रेविस हेड के बाद हेनरिक का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने आरसीबी पारी खेली। इस दौरान हेनरिक क्लासेन ने एक ऐसा छक्का जड़ा, जो 106 मीटर लंबा रहा। इस सिक्स को देख स्टेडियम में बैठा हर शख्स ही नहीं बल्कि आरसीबी के स्टार विराट कोहली भी भौचक्के रह गए। हेनरिक के सिक्स का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, आईपीएल 2024 के 30वें मैच में आरसीबी के खिलाफ हेनरिक क्लासेन ने 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। हेनरिक क्लासेन ने आखिरी ओवर में आरसीबी के गेंदबाजों को खूब धोया। आखिरी ओवर की दूसरी गेंद पर उन्होंने 106 मीटर लंबा छक्का उड़ाया इस दौरान उनके शॉट से बॉल स्टेडियम की छत पार करते हुए बाहर जाकर गिरी। ये गेंद क्लासेन ने गेंद को तेजी से हिट किया और ये धांसू सिक्स जड़ा। उनका सिक्स देख विराट कोहली भी हैरान रह गए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है सनराइजर्स हैदराबाद की टीम के ओपनर ट्रेविस हेड ने 39 गेंदों पर शतक जड़ दिया। इस तरह उन्होंने आईपीएल इतिहास में चौथा सबसे तेज शतक जमाया। हेड ने 39 गेंदों पर शतक ठोका। हेनरिक क्लासेन ने 31 गेंदों पर 67 रन जोड़े। इस तरह सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। सनराइजर्स हैदराबाद ने 3 विकेट खोकर 287 रन का स्कोर बनाया।

# 'बस करो भाई कितना रुलाओगेष्ठ', होम ग्राउंड में आरसीबी बॉलर्स ने कर दिया बेड़ा गर्क, फैंस ने मीम्स शेयर कर जाहिर किया दुख

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में आरसीबी की टीम का प्रदर्शन अभी तक खराब रहा। आरसीबी की टीम को मौजूदा सीजन में अभी तक सिर्फ एक ही जीत करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने ट्रेविस हेड के शतकीय और हेनरिक क्लासेन की अर्धशतकीय पारियों के दम पर 287 रन का बड़ा स्कोर बनाया। यह आईपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा टोटल मोहम्मद सिराज को ड्रॉप किया। सिराज का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था, लेकिन बेंगलुरु ने सिर्फ 4 तेज गेंदबाज और एक पार्ट टाइम स्पिनर विल जैक्स को प्लेइंग-11 में शामिल किया। ऐसे में सनराइजर्स




नसीब हुई। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले जा रहे आईपीएल 2024 के 30वें मैच में आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। चिननस्वामी के मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के बैटर्स का बल्ला खूब गरजा। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने शानदार शुरुआत की। हैदराबाद की टीम ने आईपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। इस मैच में आरसीबी के गेंदबाजों की जमकर कुटाई हुई। अपने होम ग्राउंड में आरसीबी गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन को देख फैंस सोशल मीडिया पर मीम्स शेयर कर रहे हैं पहले बैटिंग भी रहा। हैदराबाद की टीम के बैटर्स ने आरसीबी टीम के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और पहली पारी के बाद आरसीबी की गेंदबाजों को लेकर फैंस सोशल मीडिया पर मीम्स शेयर कर रहे हैं। दरअसल, आरसीबी की टीम की आईपीएल में पिछले कई सीजनों की नाकामयाबी उनके खुद के फैसले भी रहे है। लगातार 4 मैच हारने के बाद आरसीबी की टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अहम मैच में एक ऐसा फैसला लिया, जो हर किसी के समझ से परे था। इस मैच में आरसीबी की टीम ने अपने प्रमुख तेज गेंदबाज हैदराबाद के बैटर्स ने पहले बैटिंग करते हुए आरसीबी के गेंदबाजों को शुरुआत से ही परेशान किया। अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड के बीच शतकीय साझेदारी बनी। ट्रेविस हेड ने 41 गेंदों का सामना करते हुए 9 चौके और 8 छक्कों की मदद से 102 रन की पारी खेली। हेनरिक क्लासेन ने 31 गेंदों का सामना करते हुए 67 रन बनाए। एडन मार्करम ने 17 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 32 रन की पारी खेली। अब्दुल समद ने 10 गेंदों पर नाबाद 37 रन बनाए। चिननस्वामी में आरसीबी के बॉलर्स का जमकर मजाक बना।



इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# 24 साल के बैटर ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, एक ओवर में लगातार 6 सिक्स जड़कर उड़ाया गर्दा; युवराज भी छूटे पीछे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** क्रिकेट के मैदान पर बैटर्स को जब छक्के लगाते हुए





देखा जाता हैं तो स्टेडियम में बैठा हर शख्स या अपने घर में टीवी स्क्रीन पर मैच देख रहे लोगों के चेहरे पर एक अलग ही मुस्कान आ जाती हैं। क्रिकेट मैच में बिना छक्के-चौके के मैच का रोमांच नहीं बनता। जब भी बात एक ओवर में लगातार 6 सिक्स जड़ने की आती हैं तो भारत में सबसे पहले हर किसी के दिमाग में युवराज सिंह के विश्व कप के मैच की झलक बनती हैं, जिन्होंने साल 2007 में इंग्लैंड के गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड की जमकर धुनाई करते हुए ये कारनामा किया था जब भी बात एक ओवर में छह छक्के जड़ने की होती है तो सबसे पहले साल 2007 के टी20 विश्व कप में युवराज सिंह के बल्ले से निकले उन छक्कों की याद आती हैं जो उन्होंने स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में लगाए थे। अब इस लिस्ट में नेपाल के एक बैटर का नाम भी शामिल हो चुका है। दीपेंद्र सिंह ने कतर के खिलाफ एक ओवर में सिक्स छक्के जड़े लेकिन हाल ही में नेपाल क्रिकेट टीम के 24 साल के बैटर का बल्ला जमकर गरजा और उन्होंने कतर में एक ओवर में लगातार छह सिक्स जड़कर इतिहास रच दिया। इस प्लेयर का नाम दीपेंद्र सिंह ऐरी हैं, जिन्होंने एक ओवर में 6 सिक्स जड़कर युवराज सिंह को भी एक मामले में पीछे छोड़ दिया। दरअसल, दीपेंद्र सिंह ऐरी टी20घ् के इतिहास में दो बार एक ओवर में छह सिक्स जड़ने वाले पहले बैटर बन गए हैं। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने इससे पहले ऊ20घ् क्रिकेट में युवराज सिंह का सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड ध्वस्त किया था। उन्होंने एशिया कप 2023 में मंगोलिया के खिलाफ महज 9 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा था, जबकि युवराज ने 12 गेंदों में ये कारनामा किया था। दीपेंद्र सिंह एरी ने 21 गेंदों का सामना करते हुए 64 रन की पारी खेली, जिसकी बदौलत नेपाल की टीम ने 7 विकेट खोकर 210 रन बनाए। दीपेंद्र सिंह ऐरी युवराज सिंह और कीरोन पोलार्ड के बाद टी20घ् क्रिकेट में एक ओवर में 6 सिक्स जड़ने वाले तीसरे बैटर बन गए हैं। बता दें कि ऐसा पहली बार नहीं है जब दीपेंद्र ने टी20 क्रिकेट में कोई बड़ा कारनामा किया है। इससे पहले दीपेंद्र का बल्ला एशियन गेम्स में भी खूब चला था। उन्होंने मंगोलिया के खिलाफ मैच में सिर्फ 9 गेंद में फिफ्टी ठोक दी थी, जो कि टी20घ् की सबसे तेज फिफ्टी है। इस मामले में उन्होंने युवराज सिंह को पछाड़ा था, जिन्होंने 2007 टी20 विश्व कप में 12 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया था।

# सम्पादकीय

## संस्कृति के पन्नों से कैसे मिला 'पृथ्वी' को अपना नाम

ऋषियों ने पृथु को बताया कि प्रकृति का यही नियम है कि राजा न हो तो भूमि में कुछ नहीं उगता। इसीलिए संसार की यह दशा हो रही है। यह सुनकर पृथु ने अस्त्र-शस्त्र उठाया और भूलोक खोदने को तत्पर हो गया। ध्रुव के वंशज राजा अंग का पूरी धरती पर शासन था। वह बहुत धार्मिक और वेदों के ज्ञाता थे। परंतु उनका पुत्र वेन अत्यंत उद्दंड था। उसका धर्म, नैतिकता और वैदिक संस्कारों पर तनिक भी विश्वास नहीं था। वह बड़ा हुआ, तो अत्याचारी हो गया। ऋषि-मुनियों ने उसे बहुत समझाया, लेकिन वेन के व्यवहार में सुधार नहीं हुआ, बल्कि उसकी उद्दंडता





बढ़ती गई। आखिरकार, ऋषियों ने निर्णय लिया कि वेन का जीवित रहना समाज के लिए घातक होगा, इसलिए उन्होंने अपने तपोबल से वेन को मार डाला। वेन की मृत्यु से धरती अनाचार से मुक्त तो हो गई, किंतु उसका कोई शासक नहीं रहा। वेन निस्संतान था, इसलिए ऋषियों ने वेन के शव को मथकर संतान उत्पन्न करने का निश्चय किया। ऋषियों ने वेन की दाहिनी जांघ को मथा, तो एक अत्यंत कुरूप प्राणी प्रकट हुआ। उससे निषाद वंश की उत्पत्ति हुई। फिर ऋषियों ने वेन की दाहिनी भुजा को मथा, तो एक तेजस्वी बालक उत्पन्न हुआ। उसका नाम पृथु रखा गया। पृथु बड़ा हुआ, तो अत्यंत बलशाली और ओजवान बन गया। उसने अश्वमेध यज्ञ भी पूर्ण कर लिया। परंतु उसका राज्याभिषेक नहीं हो पाया था। एक दिन पृथु को पता लगा कि पृथ्वी ने भोजन देना बंद कर दिया, जिससे समस्त प्राणी-जगत पर संकट के बादल मंडराने लगे। ऋषियों ने पृथु को बताया कि प्रकृति का यही नियम है कि राजा न हो, तो भूमि में कुछ नहीं उगता। इसीलिए संसार की यह दशा हो रही है। भूलोक ने सबकुछ भीतर छिपा रखा है। यह सुनकर पृथु ने अपना अस्त्र-शस्त्र उठाया और भूलोक को खोदकर उसके भीतर से भोजन निकालने को तत्पर हो गया। भूलोक ने पृथु का क्रोध देखा, तो भयभीत होकर गाय का रूप धारण करके भागना शुरू कर दिया। परंतु पृथु ने गाय रूपी भूलोक का पीछा नहीं छोड़ा। वह निरंतर गाय को मारने की धमकी देता रहा। आखिर में गाय ने पृथु से कहा, 'मैं तुम्हारी मां के समान हूं। मुझे मार दोगे, तो मानव जाति का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। इसलिए सबकी रक्षा करना तुम्हारा कर्तव्य है।' पृथु ने कहा, 'आपका कर्तव्य संसार का पोषण करना है। आपकी तरह सब कर्तव्य त्याग देंगे तो ब्रह्मांड का क्या होगा? यदि आप संसार की रक्षा नही करेंगी, तो मैं भी आपकी रक्षा नहीं करूंगा।' इस पर गाय बोली, 'प्रकृति का नियम है कि राजा न हो, तो मैं भोजन नहीं दे सकती। वेन की मृत्यु के बाद कोई राजा नहीं बना, इसलिए मैंने भोजन देना छोड़ दिया। यदि आप राजा बन जाएंगे, तो मैं फिर से भोजन देने लगूंगी।' यह सुनकर पृथु ने कहा, 'भोजन के लिए प्रजा का राजा पर निर्भर होना सही बात नहीं है। इसलिए इसका विकल्प खोजना होगा।' पृथु ने इस समस्या पर गहन सोच-विचार किया और वह इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि ऐसी परिस्थिति भविष्य में दोबारा भी उत्पन्न हो सकती है, इसलिए लोगों को आत्मनिर्भर बनाना होगा। अभी तक धरती स्वतः भोजन देती थी, परंतु पृथु को महसूस हुआ कि मनुष्य को धरती के गर्भ से स्वयं भोजन प्राप्त करना सीखना होगा। इसका लाभ यह था कि भूलोक द्वारा प्रदान किए जाने वाले अन्नादि के अतिरिक्त मनुष्य अपने पुरुषार्थ से भी पृथ्वी से भोजन पैदा कर सकेगा, ताकि भोजन का कभी अभाव न हो। इस विचार से पृथु को बड़ा संतोष हुआ और उसने तुरंत इस दिशा में कार्य आरंभ कर दिया। कहते हैं, पृथु ने अपने धनुष की नोंक से समस्त धरती को समतल कर दिया और भूमि के समतल होने से सर्वत्र मैदान तैयार होने लगे। इसके बाद पृथु ने खेत-खलिहान बना दिए और यहां से कृषि का आरंभ हुआ।

## गांवों से मिल रही अर्थव्यवस्था को नई दिशा; उउझ् पर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट्स से भी तस्दीक

एडीबी, स्काइमेट एवं रिजर्व बैंक, सभी की रिपोर्टों का सार यही है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए जीडीपी में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है।इन दिनों भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिनन्राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने का नया परिदृश्य उभरता दिखाई दे रहा है। 10 अप्रैल को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए जीडीपी में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। भारतीय मौसम






विज्ञान विभाग और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के संकेत दिख रहे हैं। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने भी कहा है कि इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद है, जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। गौरतलब है कि भारत के गांवों में न केवल कृषि संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, बल्कि फ्रिज, दो पहिया वाहन और टीवी की खरीदारी उच्च स्तर पर है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा खाद्यानन्उत्पादक देश है। विश्व में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर, भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गनन, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि का प्रमुख उत्पादक माना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।निश्चित रूप से पिछले दस वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है। कृषि बजट में दस वर्षों में पांच गुना वृद्धि हुई है। सरकार द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब तीन लाख करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है। वृ्षि त्रऱण समितियों, किसान समूहों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), कृषि-उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स और खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्योग लगाने के लिए सरकार की क्रेडिट गारंटी और ब्याज में रियायत कृषि में ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देने जैसे जो रणनीतिक प्रयास किए हैं, उनसे भी काफी किसान लाभान्वित हुए हैं। देश में प्राकृतिक यानी जैविक खेती को विशेष प्राथमिकता दिए जाने से प्राकृतिक खेती ग्रामीण भारत के विकास का एक और नया माध्यम बनते हुएदिखाई दे रही है।जहां कोविड-19 की आपदा से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं दुनिया भर में भारत अपने कृषि उत्पादों के निर्यात को भी बढ़ा रहा है। इसके अलावा, विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 फीसदी से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है।यह भी उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी, 2024 को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यानन् भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया गया है।

## यह तो बस शुरुआत है ईरान-इस्राइल टकराव के बीच नेतन्याहू ने अभी नहीं खोले अपने पत्ते

पश्चिम एशिया का सबसे बड़ा सशस्त्र बल होने के बावजूद वायु सेना हमेशा से ही ईरान का कमजोर पक्ष रही है, जिसका प्रमाण इस्राइल पर इसके ताजा हमले में भी दिखता है। उसकी तकरीबन सभी मिसाइलों का कामयाबीपूर्वक सामना करने वाले इस्राइल ने इस पर प्रतिक्रिया को लेकर अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं।ईरान और इस्राइल के बीच सीधे सैन्य टकराव की शुरुआत ने ईरान के सशस्त्र बलों की तरफ एक बार फिर लोगों को ध्यान खींचा है। इस





महीने की शुरुआत में, इस्राइल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के राजनयिक परिसर में एक इमारत पर हमला किया, जिसमें ईरान के सात वरिष्ठ कमांडरों और सैन्य कमिन्यों की मौत हो गई थी। उसी समय ईरान ने जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई थी। और लगभग दो सप्ताह बाद उसने बीते शनिवार को इस्राइल पर हवाई हमला कर दिया, जिसमें सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलें शामिल थीं। इन हमलों का लक्ष्य इस्राइल के भीतरी और नियंत्रण वाले क्षेत्र को निशाना बनाना था। ऐसे में ईरान की सैन्य क्षमता का विश्लेषण प्रासंगिक है। इस्राइली अधिकारियों ने कहा है कि ईरान के किसी भी हमले का हम पलटवार करेंगे। ईरान ने जिन मिसाइलों से इस्राइल पर हमला बोला, उनको तो इस्राइल ने कामयाबीपूर्वक झेल लिया। लेकिन, इसमें संदेह नहीं कि ईरान फिर हमला कर सकता है और यह अंततः एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध में तब्दील हो सकता है। ऐसी भी आशंका है कि इस संघर्ष में अमेरिका भी शामिल हो जाए, हालांकि वाशिंगटन ने स्पष्ट कहा है कि उसका दमिश्क हमले से कोई लेना-देना नहीं है।विश्लेषकों का कहना है कि ईरान के विरोधी (मुख्यतः अमेरिका और इस्राइल) तेहरान के जटिल सैन्य तंत्र से उलझना नहीं चाहते हैं, इसलिए दशकों से वे ईरान पर सीधे हमला करने से बचते रहे हैं। हालांकि ईरान और इस्राइल लंबे समय से हवाई, समुद्री, जमीनी और साइबर हमलों के माध्यम से छद्म युद्ध में लगे हुए हैं। इस्राइल ने ईरान के भीतर सैन्य एवं परमाणु ठिकानों को गुप्त रूप से निशाना बनाया है और कमांडरों एवं वैज्ञानिकों को मारा है। नेवल पोस्ट ग्रेजुएट स्कूल में राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के एसोसिएट प्रोफेसर और ईरानी सेना के विशेषज्ञ अफशोन ओस्तोवर ने बताया कि ईरान पर हमला नहीं करने का कारण यह नहीं है कि उसके विरोधी उससे डरते हैं, बल्कि उन्हें पता है कि ईरान के खिलाफ कोई भी युद्ध बेहद गंभीर होगा।इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज द्वारा पिछले साल किए गए आकलन के मुताबिक, ईरानी सशस्त्र बल पश्चिम एशिया में सबसे बड़ा है, जिसमें 5,80,000 सक्रिय जवान हैं और पारंपरिक एवं इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर में विभाजित करीब दो लाख प्रशिक्षित जवान सुरक्षित रखे गए हैं। सेना और गार्ड दोनों अलग हैं तथा जमीन, वायु एवं समुद्र में सक्रिय हैं। गार्ड ईरान की सीमा सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन वे कुद्स बल का भी संचालन करते हैं, जो पूरे पश्चिम एशिया में छद्म लड़ाकू गुटों के नेटवर्क को हथियार, प्रशिक्षण एवं समर्थन देने वाली विशिष्ट इकाई है। इन लड़ाकू गुटों में लेबनान के हिजबुल्ला, यमन का हूती, सीरिया, इराक के विद्रोही, हमास और गाजा के फलस्तीन इस्लामी जिहाद शामिल हैं। भले ही छद्म लड़ाकू गुटों को ईरान की सेना में नहीं गिना जाता, पर विश्लेषक कहते हैं कि उन्हें क्षेत्रीय सहयोगी बल माना जाता है, जो हमेशा लड़ाई के लिए तैयार, भारी हथियारों से लैस और वैचारिक रूप से ईरान के प्रति वफादार हैं, जो उसकी तरफ से लड़ने के लिए आ सकते हैं। खासकर हिजबुल्ला को ईरान की सैन्य क्षमता का हिस्सा माना जाता है, जिसका ईरान के साथ करीबी रणनीतिक रिश्ता है।सटीक और लंबी दूरी की मिसाइलों, ड्रोन एवं हवा रक्षा के विकास पर जोर देते हुए दशकों से ईरान की रणनीति अवरोध पर आधारित रही है। इसने स्पीडबोट और कुछ छोटी पनडुब्बियों का बेड़ा तैयार किया है, जो फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले व्यापारिक पोतों और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को बाधित करने में सक्षम है। ओस्तोवर कहते हैं कि ईरान के पास पश्चिम एशिया में बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन का विशाल भंडार है। इसमें 2,000 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ ही क्रूज मिसाइलें एवं एंटी-शिप मिसाइलें भी हैं। वह इस्राइल सहित पश्चिम एशिया के किसी भी देश को निशाना बना सकता है।विशेषज्ञों के मुताबिक, हाल के वर्षों में तेहरान ने लगभग 1,200 से 1,550 मील की दूरी तक मार करने और रडार से बचने में सक्षम ड्रोन का बेड़ा किया तैयार है। ईरान ने अपनी मिसाइलों एवं ड्रोन को छिपाया नहीं है, बल्कि सैन्य परेडों में प्रदर्शित किया है, क्योंकि वह ड्रोन का बड़ा निर्यातक बनना चाहता है। ईरान के ड्रोन का इस्तेमाल रूस यूक्रेन में कर रहा है और सूडानी संघर्ष में भी इसे देखा गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक, ईरान के हथियार ठिकाने और भंडारण सुविधाएं व्यापक रूप से फैली हुई हैं और उन्हें हवाई हमलों से नष्ट करना मुश्किल है।अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते ईरान टैंक और लड़ाकू जेट जैसे उच्च तकनीक वाले हथियारों और विदेशी सैन्य उपकरणों का आयात नहीं कर सकता है। 1980 के दशक में इराक के साथ आठ साल चले युद्ध के दौरान कुछ ही देशों ने ईरान को हथियार बेचने की इच्छा जताई थी। युद्ध खत्म होने के एक साल बाद 1989 में जब अयातुल्ला अली खामेनेई ईरान के सर्वोच्च नेता बने, उन्होंने घरेलू हथियारों का उद्योग खड़ा करने के लिए काफी संसाधन खर्च किया। वह ईरान को आश्वस्त करना चाहते थे कि उसे अपनी रक्षा जरूरतों के लिए विदेशी शक्तियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। आज ईरान घरेलू स्तर पर बड़ी मात्रा में मिसाइलों और ड्रोनों का निर्माण करता है और उसने रक्षा उत्पादन को प्राथमिकता दी है।विशेषज्ञों का कहना है कि उपकरणों, सामंजस्य, अनुभव एवं सैन्यकमिन्यों की गुणवत्ता के मामले में ईरान की सेना को क्षेत्र में मजबूत माना जाता है, पर अमेरिका, इस्राइल और यूरोपीय देशों की सेना से वह काफी पीछे है। ईरान की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी वायु सेना है। ईरान के ज्यादातर विमान पुराने हैं और उनमें से कई जरूरी कल-पुर्जों के अभाव में निष्क्रिय हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि 1990 के दशक में उसने रूस से एक छोटा बेड़ा भी खरीदा था। ईरान के टैंक और बख्तरबंद वाहन पुराने हैं, और देश में केवल कुछ बड़े नौसैनिक जहाज हैं।वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की हत्याओं से ईरान के क्षेत्रीय अभियानों पर असर पड़ना लाजिमी है, क्योंकि उन्हें वर्षों का अनुभव था और सहयोगी लड़ाकू गुटों के प्रमुखों से उनके रिश्ते थे। लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक, ईरान के सशस्त्र बलों को कमांड करने की श्रृंखला बरकरार है।

## पैसा है तो दिखाएंगे, समृद्ध भारतीयों की नई पौध में शानो शौकत से जीने की चाह; नए व्यवसाय पनपने से बदलाव

देश में नए तरह के व्यवसाय पनपने से समृद्ध भारतीयों की नई पौध जन्मी है, जिनकी क्रय शक्ति ज्यादा है और वे शानो-शौकत से जीना चाहते हैं। जब कोई देश तरक्की के रास्ते पर चलने लगता है, तो वहां के पैसे वाले लोगों के जीने का तरीका ही बदल जाता है। वे शानो-शौकत की जिंदगी जीते हैं और खूब खर्च भी करते





हैं। ऐसे में विलासिता और बड़े ब्रांड के सामान की बिक्री बढ़ जाती है। पुरुषों की कलाइयों पर महंगी घड़ियां चमकने लगती हैं, तो महिलाओं के हाथों में महंगे हैंडबैग होते हैं। स्वदेशी कारें उनकी पसंद नहीं होती हैं, बल्कि मर्सिडीज, बीएमडब्लूयू और यहां तक कि लैंबोर्गिनी उनकी पसंद हो जाती हैं। मध्य वर्ग फ्लैटों से निकल कर प्रीमियम मकान या फिर पेंट हाउस खरीदने लगता है। ये सारी बातें इस सदी के शुरू में चीन में खूब देखने में आईं। कहते हैं कि जब पैसा आता है, तो वह सिर चढ़कर बोलता है। दुनिया का हर नामी ब्रांड वहां अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा था। इसी तरह नब्बे के दशक में जब भारत में आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत हुई, तो यहां भी बदलाव दिखने लगे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसमें बहुत तेजी आई है। कभी एक लैंडलाइन फोन के लिए धक्के खाने वाला शहरी भारतीय आज लाखों रुपये के मोबाइल फोन चमकाता दिख जाएगा। छोटी-सी मारुति या हुंडई की कारों में संतुष्ट रहने वाला भारतीय आज धड़ल्ले से लग्जरी कारें खरीद रहा है। वर्ष 2023 में भारत में हाई एंड कारों की बिक्री में उसके पिछले साल की तुलना में 21 फीसदी का इजाफा हुआ, जो एक रिकॉर्ड है। यह संख्या लगातार बढ़ रही है और समृद्ध लोगों के रुझान बता रही है। लैंबोर्गिनी कारों की कीमतें साढ़े तीन करोड़ से लेकर पौने नौ करोड़ रुपये तक होती है। वर्ष 2023 में भारत में उसकी बिक्री बढ़कर 100 तक पहुंच गई। इसी तरह सुपर बाइकों का बाजार भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। दस-दस लाख रुपये की सुपर बाइकें सड़कों पर दौड़ती दिख रही हैं। नई समृद्धि से प्रीमियम सेगमेंट के मकानों की मांग में भारी बढ़ोतरी हुई है और अब रियल एस्टेट में लग्जरी मकानों की भरमार होती जा रही है। बड़े डेवलपर करोड़ों रुपये कीमत वाले मकान बनाते जा रहे हैं। इसका एक उदाहरण दिल्ली के समीप नोएडा में दिखाई पड़ रहा है,जहां कभी एक करोड़ रुपये के मकान बहुत ही कम दिखते थे और उसे प्रीमियम हाउसिंग माना जाता था, लेकिन अब वहां दस-दस करोड़ रुपये के मकान बनने लगे हैं। गुरुग्राम तो इसमें हमेशा आगे रहा है और वहां तो 30-35 करोड़ तक के मकान बन गए हैं और प्रीमियम सेगमेंट के मकानों की बाढ़ आ गई है। भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में तो छोटा-सा प्लॉट भी अरबों रुपये में बिकता है। एक बड़ी रियल एस्टेट कंपनी के सीईओ ने बताया कि वहां इस समय तीन करोड़ से लेकर 50 करोड़ रुपये तक के मकानों की खूब मांग है। जिन लोगों ने पिछले कुछ समय में अच्छा-खासा पैसा कमा लिया है, वे खुलकर जिंदगी जीना चाहते हैं। उनका मोटो है-लिव लाइफ किंग साइज। आंकड़े बता रहे हैं कि 2023 में लग्जरी मकानों की बिक्री में 2022 की तुलना में 81 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। लग्जरी मकानों की मांग इतनी है कि गुरुग्राम के एक शीर्ष डेवलपर ने सिर्फ तीन दिनों में 72 अरब रुपयेमकान बेच दिए। इनमें अल्ट्रा लग्जरी मकान भी शामिल हैं, जिनकी मांग बरकरार है। महानगरों में एक नया ट्रेंड आया है विला का। कई डेवलपर इस सेगमेंट में प्रवेश कर गए है, क्योंकि खरीदारों की मांग बढ़ती जा रही है। लग्जरी मकानों की यह चाहत अपने रुतबे को बढ़ावा देने की एक कोशिश है। अति समृद्ध लोगों की लग्जरी मकानों में जबर्दस्त दिलचस्पी न केवल प्रतिष्ठा का विषय है, बल्कि बढ़िया निवेश का रास्ता भी। इसलिए एक से बढ़कर एक लग्जरी मकान देखने में आ रहे हैं। लग्जरी सामान बनाने वाली कंपनियां, जैसे गुच्ची, लुई वितो, क्रिश्चियन डीओर, शानेल, प्रादा वगैरह जो हैंड बैग बनाती हैं, उनकी कीमत लाखों में होती है और अब इनका इस्तेमाल करने वाली महिलाएं आपको भारतीय महानगरों में खूब दिखेंगी। यह उनका स्टेटस दिखाने का एक प्रयास भर है। भारत में लग्जरी घड़ियों का चलन रहा है और आने वाले समय में यह और बढ़ेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि देश में नए तरह के बिजनेस पनपे हैं। टेकनेलॉजी ने इनमें बहुत साथ दिया है। देश में सैकड़ों स्टार्ट-अप को भारी सफलता मिली है, वेंचर कैपिटल कंपनियां काफी सक्रिय हैं। इन्हीं वजहों से समृद्ध भारतीयों की नई पौध सामने आई है, जिनकी क्रय शक्ति बहुत है और वे राजाओं की तरह शानो-शौकत से रहना चाहते हैं।

## जीवन को मंगलमय बनाने के लिए करें मां कालरात्रि की पूजा

नवरात्र के सातवें दिन मां दुर्गा के कालरात्रि रूप की पूजा की जाती है. शास?त्रों के अनुसार बुरी शक्तियों से पृथ?वी को बचाने और पाप को फैलने से रोकने के लिए मां ने अपने तेज से इस रूप को उत्पन्न




किया था. आचार्य पं. सुधांशु तिवारी प्रशन कुण्डली विशेषज्ञ/ ज्योतिषाचार्य दुर्गा जी का सातवां स्वरूप मां कालरात्रि है. इनका रंग काला होने के कारण ही इन्हें कालरात्रि कहा गया और असुरों के राजा रक्तबीज का वध करने के लिए देवी दुर्गा ने अपने तेज से इन्हें उत्पनन् किया था. इनकी पूजा शुभ फलदायी होने के कारण इन्हें 'शुभंकारी' भी कहते हैं. मान्यता है कि माता कालरात्रि की पूजा करने से मनुष्य समस्त सिद्धियों को प्राप्त कर लेता है. माता कालरात्रि पराशक्तियों (काला जादू) की साधना करने वाले जातकों के बीच बेहद प्रसिद्ध हैं. मां की भक्ति से दुष्टों का नाश होता है और ग्रह बाधाएं दूर हो जाती हैं. असुरों का वध करने के लिए दुर्गा मां बनी कालरात्रि देवी कालरात्रि का शरीर रात के अंधकार की तरह काला है इनके बाल बिखरे हुए हैं और इनके गले में विधुत की माला है. इनके चार हाथ हैं जिसमें इन्होंने एक हाथ में कटार और एक हाथ में लोहे का कांटा धारण किया हुआ है. इसके अलावा इनके दो हाथ वरमुद्रा और अभय मुद्रा में है. इनके तीन नेत्र है तथा इनके श्वास से अगिन् निकलती है. कालरात्रि का वाहन गर्दभ(गधा) है. मां कालरात्रि की उत्पत्ति की कथा कथा के अनुसार दैत्य शुंभ-निशुंभ और रक्तबीज ने तीनों लोकों में हाहाकार मचा रखा था. इससे चिंतित होकर सभी देवतागण शिव जी के पास गए. शिव जी ने देवी पार्वती से राक्षसों का वध कर अपने भक्तों की रक्षा करने को कहा. शिव जी की बात मानकर पार्वती जी ने दुर्गा का रूप धारण किया और शुंभ-निशुंभ का वध कर दिया. परंतु जैसे ही दुर्गा जी ने रक्तबीज को मारा उसके शरीर से निकले रक्त से लाखों रक्तबीज उत्पनन् हो गए. इसे देख दुर्गा जी ने अपने तेज से कालरात्रि को उत्पनन् किया. इसके बाद जब दुर्गा जी ने रक्तबीज को मारा तो उसके शरीर से निकलने वाले रक्त को कालरात्रि ने अपने मुख में भर लिया और सबका गला काटते हुए रक्तबीज का वध कर दिया. मां को गुड़ का भोग प्रिय है सप्तमी तिथि के दिन भगवती की पूजा में गुड़ का नैवेद्य अर्पित करके ब्राह्मण को दे देना चाहिए. ऐसा करने से पुरुष शोकमुक्त हो सकता है. शुभकामना को पूरा करेगा मां कालरात्रि का ये मंत्र नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना इस मंत्र से करनी चाहिए एकवेणी जपाकर्णपूरा नगन खरास्थिता, लम्बोष्टी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा, वर्धनमूर्धध्वजा वृ्ष्णा कालरात्रिभय्ङ्करी? मां कालरात्रि की पूजा का महत्व मां दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि को महायोगिनी महायोगिश्वरी भी कहा जाता है. देवी बुरे कर्मों वाले लोगों का नाश करने और तंत्र-मंत्र से परेशान भक्तों का कल्याण करने वाली हैं. देवी की पूजा से रोग का नाश होता है और शत्रुओं पर विजय मिलती है. ग्रह बाधा और भय दूर करने वाली माता की पूजा इस दिन जरूर करनी चाहिए. मां कालरात्रि का स्वरूप देवी कालरात्रि के चार हाथ हैं। उनके एक हाथ में माता ने खड्ग (तलवार), दूसरे में लौह शस्त्र, तीसरे हाथ वरमुद्रा और चौथे हाथ अभय मुद्रा में है। मां कालरात्रि का वाहन गर्दभ अर्थात् गधा है। मां कालरात्रि की पूजा विधि द मां कालरात्रि की पूजा करने के लिए श्वेत या लाल वस्त्र धारण करें। देवी कालरात्रि पूजा ब्रह्ममुहूर्त में ही की जाती है। वहीं तंत्र साधना के लिए तांत्रिक मां की पूजा आधी रात में करते हैं, इसलिए सूर्योदय से पहले ही उठकर सनन आदि से निवृत्त हो जाएं। पूजा करने के लिए सबसे पहले आप एक चौकी पर मां कालरात्रि का चित्र या मूर्ति स्थापित करें। इसके बाद मां को कुमकुम, लाल पुष्प, रोली आदि चढ़ाएं। माला के रूप में मां को नींबुओं की माला पहनाएं और उनके आगे तेल का दीपक जलाकर उनका पूजन करें। मां कालरात्रि को लाल फूल अर्पित करें। मां के मंत्रों का जाप करें या सप्तशती का पाठ करें। मां की कथा सुनें और धूप व दीप से आरती उतारने के बाद उन्हें प्रसाद का भोग लगाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा युवा मोर्चा ने मरीजों को किया फल वितरित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विधायक प्रांशुदत्त द्विवेदी के जन्मदिन व नवरात्रि के शुभ अवसर पर



सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा जनपद सोनभद्र जिला अध्यक्ष विशाल पाण्डेय के द्वारा जिला अस्पताल में मरीजों में फल वितरण किया गया इस दौरान जिला अध्यक्ष विशाल पांडे ने बताया कि वार्डों में भर्ती मरीजों से उनकी समस्याओं से अवगत हुआ की उपरांत जिला अस्पताल के विभिन्न समस्याओं से निजात के लिए सीएमएस से मुलाकात करते हुए उनको अवगत कराया गया उन्होंने जल्द ही समस्याओं का निस्तारण के लिए अस्वस्थ किया श्री पांडे ने बताया कि गंभीर मरीज को आने वाली समस्याओं से तुरुत तौर पर निदान मिले इसके लिए वहां लोगों से बातचीत करते हुए अपना नंबर उपलब्ध कराया बताया कि ब्लड अथवा राशन सामग्री फल वह अन्य समस्याओं के लिए आप लोग मेरे नंबर पर संपर्क कर समस्याओं का निस्तारण कर सकते हैं इस अवसर पर संदीप सिंह, राहुल श्रीवास्तव ,अभय पटेल, उत्कर्ष पांडे ,विनीत त्रिपाठी, दिशांत द्विवेदी, रोशन सिंह ,समीर माली ,प्रिंस पाण्डेय, अखिल पटेल ,वीरेंद्र राय, रामाशंकर पसवान, अखिलेश्वर मिश्रा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### न्यायायिक अधिकारियों का विदाई समारोह हुआ आयोजित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर।** मीरजापुर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन में स्थानांतरित हुए 09 न्यायायिक अधिकारियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल रहे स्वागत के क्रम में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार उपाध्याय ने मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल व स्थानांतरित हुए न्यायायिक अधिकारियों को अंग वस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात बार के सचिव कैलाश यादव ने बारी-बारी से सभी न्यायायिक अधिकारियों को सम्मानित किया जिन न्यायायिक अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ है उसमें एडीजे पास्को को संतोष कुमार त्रिपाठी को मथुरा के लिए, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट सेशन जज एमपी एमएलए चंद्रशेखर मिश्र को मेरठ के लिए, स्पेशल जज एससी एसटी वायुनंदन मिश्र का लखनऊ के लिए, लाल बाबू यादव का गाजियाबाद के लिए, चीफ जूडिशियल मजिस्ट्रेट रतन्म श्रीवास्तव का बागपत के लिए, सिविल जज सीनियर डिवीजन आनंद कुमार उपाध्याय का गाजियाबाद के लिए, सिविल जज सीनियर डिवीजन गीतिका सिंह का अयोध्या के लिए, एडिशनल सिविल जज जूनियर डिवीजन अंकित कुमार का कैराना शामली के लिए, एडिशनल सिविल जज जूनियर डिवीजन शिवानी चौधरी का शामली के लिए हो गर्य विदाई समारोह के दौरान पूर्व अध्यक्ष बार बैकुंठ नाथ त्रिपाठी ने न्यायायिक अधिकारियों के साथ किए गए कार्यों को सराहा और उन्हें धन्यवाद भी ज्ञापित किया न्यायायिक अधिकारियों में वायुनंदन मिश्र ने विदाई समारोह के दौरान कहा कि वें अधिवक्ताओं के प्रेम और मां विंध्यवासिनी की महिमा से प्रेरित थे इसके साथ-साथ अन्य अधिकारियों ने बार अध्यक्ष संजय कुमार उपाध्याय व सचिव कैलाश यादव को भी अपने-अपने वाकपटुकता से भी सराहा इसी क्रम में मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल ने जनपद के अधिकारी व अधिवक्तागणों को लगन के साथ काम करने के लिए उत्साहित भी किया ।

## दलित शोषण मुक्ति मंच, सीटू, जनवादी महिला समिति, माकपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाई अंबेडकर जयंती- गंगेश्वर दत्त शर्मा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** दलित शोषण मुक्ति मंच नोएडा कमेटी ने सेक्टर- 8, नोएडा कार्यालय पर महान समाज सुधारक और भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत दलित शोषण मुक्ति मंच, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), जनवादी महिला समिति व सीटू के कार्यकर्ताओं ने उन्हें शत-शत नमन करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर और केक काटकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ उनकी जयंती मनाई। दलित शोषण मुक्ति मंच, सीटू, जनवादी महिला समिति, माकपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाई अंबेडकर जयंती- गंगेश्वर दत्त शर्मा इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी दिल्ली एनसीआर राज्य सचिव कामरेड के एम तिवारी ने बाबा साहब के देश को दिए गए योगदान और बाबा साहब के द्वारा बनाए गए संविधान और उनके विचारों को बचाने के लिए इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को क्यों हराना जरूरी है इसे रेखांकित किया। दलित शोषण मुक्ति मंच नोएडा कमेटी के अध्यक्ष रमाकांत सिंह, सचिव धर्मेंद्र कुमार गौतम, उपाध्यक्ष भीखू प्रसाद, कोषाध्यक्ष दुर्गा राम ने कहा कि दलित शोषण मुक्ति मंच डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करने के काम को आगे बढ़ाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने सभी शहर वासियों को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती की बधाई/ शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज मजदूरों, किसानों, महिलाओं, छात्रों, युवाओं के हक अधिकार और बाबा साहब द्वारा संविधान में दिए गए संवैधानिक जनतांत्रिक अधिकारों को बचाने के लिए लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को हराना बहुत ही जरूरी है और इस चुनाव में गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र सिंह नागर को जिताने की अपील उन्होंने कार्यकर्ताओं से किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को जनवादी महिला समिति की नेता आशा यादव, गुड़िया देवी, सरोज, सीमा देवी, सीटू नेता रामसागर, लता सिंह, राम स्वारथ, राजकरण सिंह,भरत डेंजर, विजय गुप्ता, धनराज गौतम आदि ने संबोधित किया।




## युवा शक्ति द्वारा गौतम बुद्ध नगर में साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** नोएडा गौतम बुद्ध नगर जिले में बढ़ती साइबर शिकायतों के मद्देनजर, वाईएसएस , सेंटर फॉर रिसर्च ऑन साइबर क्राइम एंड साइबर लॉ और पुलिस कमिशन्रेट ने आज 14 अप्रैल, 2024 को जेपी विश टाउन, सेक्टर 128 में श्री एल बी गौतम के सहयोग से साइबर क्लिनिक कार्यशाला के तहत एक मुफ्त साइबर , जागरूकता एवं समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नोएडा के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को साइबर अपराधों के खतरों से अवगत कराना, उनसे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी देना एवं समस्याओं का विशेषज्ञों द्वारा समाधान था। कार्यशाला में, विशेषज्ञों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, क्रिप्टो करेंसी, लोन एंड चाइनीज एप और सोशल मीडिया क्राइम जैसे विषयों पर चर्चा



की। कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों ने साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त करने और विशेषज्ञों से सवाल पूछने के अवसर का स्वागत किया। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया ताकि लोगों को साइबर अपराधों से बचाया जा सके। श्री एल बी गौतम जी को धन्यवाद, जिन्होंने साइबर धोखाधड़ी और सुरक्षा पर जागरूकता पैदा करने के लिए वाईएसएस फाउंडेशन के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया। यह नोएडा साइबर क्लिनिक का द्वितीय कार्यक्रम था। साइबर ज्ञान, युवा शक्ति - वाईएसएस फॉउंडेशन एवं पुलिस कमिशन्रेट की इस पहल की सराहना की गई। एयर कमोडोर नृप (साइबर प्रमाणित विशेषज्ञ) ने कार्यक्रम का संचालन किया और उन्होंने निवासियों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। एओए पीसीपीएच के अध्यक्ष श्री मणिकेश तिवारी भी इस नेक काम का समर्थन करने के लिए उपस्थित रहे।



# 'क्रू' की उल्टी गिनती शुरू, करीना, कृति और तब्बू की फिल्म का सोमवार को हुआ ये हाल


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कई फिल्में धमाल मचा रही हैं। ईद पर रिलीज हुई 'बड़े मियां छोटे मियां' और 'मैदान' के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सिनेमाघरों में आने वाली बड़े मियां छोटे मियां और मैदान से कुछ टक्कर जरूर मिलते दिख रही है।ईद के मौके पर रिलीज हुई अक्षय कुमार और अजय देवगन की अपनी-अपनी फिल्में दूसरी रिलीज बड़ी अब तक ठीकठाक कमाई कर रही 'क्रू' ने रिलीज के तीसरे सोमवार 41 लाख का बिजनेस किया। यह फिल्म का अब तक का सबसे कम कलेक्शन है।क्रू' फिल्म क्रू एयर लाइंस में काम करने वाली तीन एयर



रही है। इसके अलावा इसके पहले रिलीज हुई मूवीज 'क्रू' और 'गॉडजिर्ला कॉन्ग' भी दर्शकों का मनोरंजन करती रही हैं। ईद के मौके पर रिलीज हुई अक्षय कुमार और अजय देवगन की अपनी-अपनी फिल्में दूसरी रिलीज बड़ी फिल्मों की कमाई पर कुछ असर जरूर डालती नजर आ रही हैं। खासकर 'क्रू' के कलेक्शन पर, जिसने 10.28 करोड़ की ओपनिंग ली। वुमन सेंट्रिक फिल्मों की लिस्ट में शामिल करीना कपूर तब्बू और कृति सेनन की क्रू को लेकर लोगों में जबरदस्त क्रेज देखने को मिला। ये फिल्म अनाउंसमेंट के टाइम से ही सुखिर्यों मे बनी रही। 29 मार्च को रिलीज हुई इस मूवी को ईद पर फिल्मों की कमाई पर कुछ असर जरूर डालती नजर आ रही हैं। खासकर 'क्रू' के कलेक्शन पर, जिसने 10.28 करोड़ की ओपनिंग ली। एयर होस्टेस की लाइफ को दिखाती ये फिल्म अब तक टिकट विंडो पर अच्छा कर रही थी। मगर अब फिल्म के कलेक्शन में थोड़ी गिरावट देखने को मिली है। रिलीज के तीसरे सोमवार को 'क्रू' ने अब तक की सबसे कम कमाई की है।करीना कपूर और कृति सेनन स्टारर 'क्रू' ड्रामा और कॉमेडी का तड़का है। अपनी फाइनेंशियल कंडीशन से परेशान तीन एयर होस्टेस पैसों के लालच में क्या कर जाती हैं, ये मूवी में दिखाया गया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, होस्टेस जैस्मिन (करीना कपूर), गीता (तब्बू) और दिव्या राणा (कृति सेनन) की स्टोरी को दिखाती है, जो सैलरी कटने से परेशान हैं। उनकी फाइनेंशियल कंडीशन दिन ब दिन खराब होती जा रही है। एक दिन तीनों को एयर लाइंस में ही गोल्ड की स्मगलिंग करने वाले एक ऑफिसर का पता लगता है। तीनों पैसों के लालच में खुद भी सोने की तस्करी करना शुरू कर देती हैं। पकड़े जाने पर ये खुद को बेगुनाह और असली गुनहगार का सच कैसे सामने लाती हैं, ये फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा की कॉमेडी भी देखने को मिलेगी।

# कहां गायब हैं 'करिश्मा का करिश्मा' की 'रोबोट' एक्टिंग छोड़ इस पेशे से 'इतिहास' रच रहीं एक्ट्रेस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** करिश्मा का करिश्मा टीवी के सबसे यादगार सीरियल्स में से एक है। 1980 के अमेरिकन टीवी शो स्मॉल वंडर की हिंदी रीमेक करिश्मा का करिश्मा 90 दशक के बच्चों का फेवरेट शो हुआ करता था। इस साइंस फिक्शन शो की कहानी एक रोबोट की थी, जो चुटकियों में अपने रोबोट कहां और क्या कर रही है? नहीं, तो चलिए हम आपको आज इस रोबोट के बारे में बताते हैं साल 2003 में आए करिश्मा का करिश्मा में रोबोट का किरदार झनक शुक्ला (र्व्हैव् एप्र्ल्रे) ने निभाया था। वो कुंडली भाग्य में प्रीता अरोड़ा की मां बनीं एक्ट्रेस सुप्रिया शुक्ला और फिल्ममेकर हारिल शुक्ला की बेटी हैं। झनक ने टीवी और



परिवार की सारी परेशानियों को छू मंतर कर देती थी। की रोबोट याद हैं? 21 साल पहले आया ये सीरियल कभी 90 दशक के बच्चों का फेवरेट शो हुआ करता था। लोग स्कूल और ट्यूशन से समय निकालकर शाम को टीवी के सामने नन्ही रोबोट की हरकतों का लुत्फ उठाने बैठ जाया करते थे। मगर आज ये नन्ही सी करिश्मा बहुत बढ़ी हो गई हैं और फिल्मों से दूर एक अलग पेशे में नाम कमा रही हैं। करिश्मा का करिश्मा की रोबोट ने उस वक्त टीवी का एक जाना-माना चेहरा हो गई थीं। आज भी आप इस छोटी बच्ची को जरूर पहचानते होंगे, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आज ये नन्ही सी बॉलीवुड में सालों तक का नाम कमाया। सबसे पहले वह टीवी शो सोन परी में प्रिंसी के रोल में नजर आई थीं। 4 साल तक सोन परी में काम करने के बीच वह बॉलीवुड फिल्मों में भी छोटे-मोटे किरदार से दर्शकों का दिल जीतती रहीं। झनक ने साल 2003 में शाह रुख खान की हिट फिल्म कल हो ना हो में जिया कपूर का किरदार निभाकर वाहवाही बटोरी थी। फिल्म में एडॉप्टेड चाइल्ड बनीं झनक का शाह रुख और प्रीति जिंटा संग एक खास बॉन्ड दिखा था। कल हो ना हो के अलावा झनक शुक्ला ने इरफान खान और कोंकणा सेन शर्मा की फिल्म डेडलाइनः सिर्फ 24 घंटे में भी काम किया है।

# सच भी बनेगा सनसनी' 'द ब्रोकन न्यूज' का हुआ एलान, अनाउंसमेंट टीजर देख एक्साइटेड हुए फैंस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विनय वायकुल के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'द ब्रोकन न्यूज' के पहले सीजन को लोगों ने काफी पसंद किया था और इसी के बाद से फैंस इसके जयदीप अहलावत, श्रिया पिलगांवकर और सोनाली बेंद्रे समेत कई सितारे दिखाई दिए थे। 'द ब्रोकन न्यूज' सीजन 2 का अनाउंसमेंट वीडियो देखने के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हो की दुनिया में झूठ, प्यार और संघर्ष को सामने लेकर आते हैं । पहला आवाज भारती एक स्वतंत्र समाचार चैनल है, जिसका नेतृत्व प्रधान संपादक अमीना कुरैशी (सोनाली बेंद्रे) करती हैं। वहीं,



दूसरे सीजन का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में अब उनका यह इंतजार खत्म हो गया है, क्योंकि मेकर्स ने इसका अनाउंसमेंट टीजर जारी कर दिया है। साल 2016 में रिलीज हुई वेब सीरीज द ब्रोकन न्यूज को फैंस से काफी प्यार मिला था। यह वेब सीरीज सोनाली बेंद्रे की ओटीटी डेब्यू भी थी। पहला सीजन देखने के बाद फैंस लंबे समय से इसके दूसरे सीजन की डिमांड कर रहे थे। अब मेकर्स ने इसके दूसरे सीजन का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है। जिसे देख फैंस खुश हो गए हैं। इस वेब सीरीज में गए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक छोटा सा वीडियो शेयर किया है। वीडियो में सुनने को मिलता है कि जब सच और सनसनी दोनों में फर्क मिट जाए, तो क्या देखेगा इंडिया। वहीं, इसके कैप्शन में लिखा गया कि सच भी बनेगा सनसनी, जब आएंगे ये तीन आमने-सामने, फिर एक बार। 'द ब्रोकन न्यूज' सीजन 2 जल्द आ रहा है सिर्फ जी5 पर। द ब्रोकन न्यूज के पहले सीजन की कहानी दो प्रतिद्वंद्वी समाचार नेटवर्कों के इर्द-गिर्द घूमती है। वह पत्रकारिता दूसरे जोश 24/7 समाचार का प्रधान संपादक दीपांकर सान्याल (जयदीप अहलावत) हैं। ऐसे में अब इसका दूसरा सीजन कैसा होने वाला है। यह तो आने के बाद ही पता चलेगा, लेकिन फैंस इसे लेकर अभी से उत्साहित हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि बहुत एक्साइटेड हूं। दूसरे यूजर ने लिखा कि बेसब्री से इंतजार है। अब इस सीजन में अक्षय ओबेरॉय भी एंट्री लेने वाले हैं। हाल ही में उन्होंने अपने किरदार से पर्दा उठाते हुए बताया कि वह इस सीरीज में सीईओ का किरदार निभाएंगे, जो अमेरिका से लौटा है।

# मिस्टर एंड मिसेज माही' देखने के लिए एक्साइटेड हैं आलिया भट्ट राजकुमार राव की पत्नी पत्रलेखा ने भी की तारीफ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' को लेकर सुखिर्यों में बने हुए हैं। कुछ दिनों पहले ही इंतजार नहीं कर सकती है। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को एक्ट्रेस ने जाह्नवी और राजकुमार




उनकी इस मूवी की रिलीज में बदलाव किया गया था और आज सोमवार को उनकी इस फिल्म का पहला पोस्टर शेयर किया गया। राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर स्टारर फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का आज 15 अप्रैल को पहला पोस्टर शेयर किया गया। इस पोस्टर में महिमा और महेंद्र की पहली झलक फैंस को देखने को मिली। अब बॉलीवुड सेलेब्स भी इस पोस्ट को शेयर कर प्यार लुटा रहे हैं। हाल ही में आलिया भट्ट ने इसे शेयर करते हुए देखने की एक्साइटमेंट दिखाई है। इस पोस्टर में दोनों स्टार्स भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी में दिखाई दे रहे हैं। अब इस पोस्टर पर आलिया भट्ट ने भी रिएक्ट किया है और उन्होंने बताया है कि वह इस मूवी को देखने का को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। राजकुमार राव की पतनी और एक्ट्रेस पत्रलेखा ने भी पोस्टर शेयर कर इसकी तारीफ की। उन्होंने अपने कैप्शन में लिखा कि यह एक रतन है। शरण शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को पहले 19 अप्रैल को रिलीज किया जाना था, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी डेट आगे बढ़ाते हुए इसे 31 मई, 2024 को रिलीज करने का फैसला किया है। धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही जी स्टूडियो और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा प्रस्तुत की गई है। जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव के वर्क फ्रंट की बात करें, तो एक्ट्रेस जल्द 'जूनियर एनटीआर' के साथ फिल्म देवरा में दिखाई देने वाली हैं।

# नॉन वीकेंड पर धराशायी हुई 'बड़े मियां छोटे मियां' 50 करोड़ कमाने में छूटे पसीने

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**अजय देवगन की 'मैदान' के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई था कि यह मूवी जल्द ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिजनेस कर कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ सकती इसकी कमाई में भी जबरदस्त गिरावट देखने को मिली है। चलिए जानते हैं इसके 5वें दिन का



अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को भी रिलीज हुए 5 दिन हो गए हैं। अपनी इस फिल्म का प्रमोशन करने में अक्षय और टाइगर ने कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन इसके बावजूद भी यह मूवी थिएटर्स में दर्शकों को खींचने में असफल रही। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज के बाद ऐसा लग रहा है लेकिन ऐसा नहीं हुआ और अब अक्षय कुमार टाइगर श्रॉफ स्टारर इस फिल्म को 50 करोड़ कमाने में भी कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। ईद जैसे बड़े फेस्टिवल पर फिल्में रिलीज करना सलमान और शाह रुख जैसे कई स्टार्स के लिए काफी अच्छा रहा है, लेकिन 'बड़े मियां छोटे मियां' के मेकर्स के लिए शायद ऐसा नहीं हुआ। अपना पहला वीकेंड पूरा करने के बाद अब सोमवार को कलेक्शन। अक्षय-टाइगर, साउथ के पृथ्वीराज सुकुमारन जैसी जबरदस्त स्टार कास्ट होने और हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कनन्ड़ 5 भाषाओं में रिलीज होने के बावजूद 'बड़े मियां छोटे मियां' कमाई में विफल साबित हो रही है। अपने रिलीज के पहले दिन इस मूवी ने 15.65 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसके बाद लगभग हर दिन फिल्म ने 7 से 9 करोड़ की कमाई की।

# मंडे टेस्ट में फेल हुई अजय देवगन की 'मैदान', 5वें दिन धड़ाम से गिरी कमाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अजय देवगन स्टारर स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'मैदान' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए पांच दिन हो गए हैं। इस फिल्म की और एक्टर के अभिनय की लोगों ने चलिए जानते हैं फिल्म ने सोमवार को कितना बिजनेस किया। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ, क्योंकि अब नॉन वीकेंड पर इसकी कमाई में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली है। चलिए जानते हैं रिलीज के 5वें वीकेंड पर दर्शकों को सिनेमाघरों में नहीं खींच पाई। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, 'मैदान' ने रिलीज के 5वें दिन 1.8 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। ऐसे में अभी तक इसकी कुल कमाई



काफी तारीफें की, जिसका फायदा इसे वीकेंड पर देखने को भी मिला। रविवार के कलेक्शन को देखते हुए ऐसा लग रहा था कि फिल्म धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। अजय देवगन स्टारर फिल्म ईंईह सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। हर किसी को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था। कई सेलेब्स ने भी फिल्म की तारीफ की जिसके बाद वीकेंड पर इसकी कमाई में उछाल देखने को मिला था लेकिन अब नॉन वीकेंड पर यह मूवी अच्छी कमाई करने में असफल रही। दिन सोमवार को फिल्म ने कितनी कमाई की है। ईद के मौके पर रिलीज हुई इस फिल्म का लोगों के बीच एक अलग ही हाइप बना हुआ था, जिसे देख कर ऐसा लगा भी कि फिल्म अच्छा कलेक्शन करेगी। 'मैदान' ने अपने ओपनिंग डे पर धीमी शुरुआत की थी। इसके बाद बीते रविवार को फिल्म ने 6.4 करोड़ रुपये की अच्छी कमाई की। इसे देखते हुए लगा कि मूवी धीरे-धीरे पटरी पर आ रही है। अब इसके सोमवार के कलेक्शन को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि फिल्म नॉन 23.08 करोड़ रुपये हो गई है। हालांकि, ये अभी शुरुआती आंकड़े हैं, इनमें सुबह तक बदलाव भी हो सकता है। मैदान की धीमी रफ्तार को देखते हुए मेकर्स ने अब दर्शकों को लुभाने के लिए स्पेशल ऑफर दिया है। सोमवार और मंगलवार दो दिन के लिए मेकर्स ने 'मैदान' की टिकट सिर्फ 150 रुपये में कर दी है। ऐसे में अब देखना होगा कि दर्शकों पर यह स्पेशल ऑफर कल कितना काम करता है और क्या इसकी कमाई में फिर से उछाल आता है।

# थिएटर के बाद ओटीटी पर 'क्रू' दिखाएगी कमाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बीते महीने के अंत में बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली फिल्म क्रू ने फैंस का दिल बखूबी जीता है। शानदार कहानी के दम पर करीना कपूर खान तब्बू और कृति सेनन की तिकड़ी ने इस मूवी के जरिए सिनेप्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया है। फिलहाल ये फिल्म सिनेमाघरों में जारी है और ऑडियंस की तरफ से कमाल का रिस्पॉन्स हासिल कर रही है। इस बीच क्रू की ओटीटी रिलीज की चर्चा तेज हो गई है। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि ये कॉमेडी फिल्म किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देगी। अक्षय कुमार की बड़े मियां छोटे मियां और अजय देवगन की मैदान जैसी बड़ी फिल्मों के रिलीज होने के बाद क्रू का क्रेज फैंस के बीच खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। कम बजट वाली इस मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर कामयाबी का स्वाद चखा है।



# नहीं थमेगी सलमान खान की 'दबंगई', इन प्रोजेक्ट्स के साथ भाईजान फिर बनेंगे बॉक्स ऑफिस के 'सिकंदर'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सलमान खान, गैलेक्सी अपार्टमेंट में फायरिंग को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस बीच खबर आई कि एक्टर अपने प्रोजेक्ट्स पर चल रहे काम को रोकेंगे नहीं। सलमान खान के पास फिल्मों की लंबी लाइन लगी हुई। कुछ पर काम चल रहा है, तो कुछ जल्द शुरू होने वाली हैं। ऐसे में एक्टर काम से ब्रेक ले भी नहीं सकते। सलमान खान के खाते में कई बड़ी फिल्में हैं। उनकी लगभग सभी मूवी बड़े बजट की हैं जिन पर मेकर्स काफी पैसा लगा रहे हैं। हाल ही में सलमान खान ने साल ईद पर फैंस को खास तोहफा दिया था।। उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म सिकंदर का एलान किया। इसके साथ ही रिलीज डेट का भी एलान कर दिया था। सलमान खान की लगभग सभी फिल्में बड़े बजट की हैं, जिन पर प्रोड्यूसर्स का मोटा पैसा लगा हुआ है। सलमान खान के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की लिस्ट पर एक नजर डालते हैं सलमान खान ने इस साल



ईद पर फैंस को खास ईदी दी। उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म सिकंदर का एलान किया। सिकंदर को गजनी फेम डायरेक्ट मुरुगुदास बना रहे हैं। वहीं, साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूसर कर रहे हैं। फिल्म 2025 ईद पर रिलीज की जाएगी। द बुल से जुड़ी खबरे सुनने को मिलती रहती है। इस फिल्म के साथ सलमान खान ने लंबे वक्त बाद करण जौहर के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म को लेकर अभी कोई अपडेट नहीं दी गई है, लेकिन ये 2025 में रिलीज हो सकती है। साल 2014 में आई फिल्म किक को सलमान खान ने खूब प्यार दिया था। इसके बाद किक 2 बनाने की घोषणा कर दी गई थी। 2023 में प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला ने बताया था कि किक 2 की स्क्रिप्ट रेडी है और सलमान खान इसे सुन भी चुके हैं, रिलीज के लिए बड़े स्केल पर तैयारी चल रही है। इसलिए अभी किक 2 को थिएटर्स में पहुंचने के लिए वक्त लगेगा। पठान के साथ यश राज फिल्म्स शाह रुख खान और सलमान खान को साथ लाए। दोनों खान को साथ देखकर फैंस भी एक्साइटेड हो गए थे। ऐसे में यश राज फिल्म्स ने टाइगर वर्सेस पठान फिल्म बनाने का एलान किया था। जिसमें शाह रुख खान और सलमान खान एक-दूसरे से पंगा लेते हुए नजर आएंगे। जनवरी 2024 से फिल्म की शूटिंग होनी थी, लेकिन टाइगर 3 की मिले रिस्पॉन्स के बाद उन्होंने टाइगर वर्सेस पठान को पोस्टपोन कर दिया। साल 2010 में आई दबंग और इसके चुलबुल पांडे हिट रहे थे। फिल्म की सफलता को देखते हुए मेकर्स दबंग 2 और दबंग 3 लेकर भी आए। तीसरे पार्ट के दौरान ही दबंग 4 को लेकर हिंट दिया गया था, लेकिन अब मेकर्स की तरफ से आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। सूरज बड़जात्या और सलमान खान ने मिलकर कई हिट फैमिली ड्रामा फिल्में दी हैं। इनमें मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन और हम साथ- साथ है शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।